जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 44 संख्याः 14 प्रभात बीकानेर, सोमवार 8 अगस्त, 2022 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 1.20 रू.




*महिला मुक्केबाज़ नीतू घंघस ने कॉमनवैल्थ गेम्स महिला 48 किग्रा मुकाबले में गोल्ड मैडल हासिल किया। नीतू ने मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मेज़बान इंगलैण्ड की मुक्केबाज़ डेमी जेड को जबरस्त तरीके से मात दी। दो बार की विश्व यूथ चैंपियन नीतू ने अपनी विपक्षी को 4-0 के एकतरफा फैसले से मात दी। नीतू ने जीत के बाद कहा, ''मैं स्वर्ण पदक जीतने के बाद बेहद खुश हूं। मैं यह पदक अपने देशवासियों के नाम करना चाहती हूं। मैं भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय मुक्केबाज़ी महासंघ के समर्थन के लिये उनकी शुक्रगुज़ार हूं। मैं अपने कोचों, और अपने परिवार की भी शुक्रगुज़ार हूं क्योंकि मैं उनके समर्थन के बिना यह स्वर्ण नहीं जीत सकती थी।''*

# चीन ने ताइवान के ऊपर 100 से ज्यादा लड़ाकू विमान तैनात किए

## चीन की इन आक्रामक गतिविधियों से चीन, ताइवान युद्ध की आशंका और प्रबल हो गई है

ताइपे/ नई दिल्ली, 7 अगस्त। अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की यात्रा के बाद चीन और ताइवान के बीच टेंशन बढ़ गई है। पेलोसी की यात्रा से तिलमिलाए चीन ताइवान के आसपास के इलाके में सैन्य अभ्यास तेज कर दिया है। ताइवान के आसपास उसने अपने 100 से अधिक युद्धक विमान तैनात कर दिए हैं। इसके साथ-साथ उसने अपने नई पीढ़ी के हवा में फ्यूल भरने वाले वाईयू-20 विमान को तैनात कर दिया है।

- **चीन ने अपने नई पीढ़ी के हवा में फ्यूल भरने वाले वाई.यू.-20 विमानों को भी तैनात कर दिया है।**
- **चीन की सरकारी मीडिया ने खुद चीन की इस मिलिटरी ड्रिल की वीडियो और तस्वीरें दुनियाभर में प्रसारित कर यह दिखाने का प्रयास किया है कि, चीन ताइवान के खिलाफ कुछ बड़ा करने के प्रयास में है।**
- **चीन के लड़ाकू विमान, नौसेना के जहाज इत्यादि, ताइवान से सिर्फ 20 किलोमीटर की दूरी पर तैनात हैं।**

ताइवान के करीब ड्रैगन की गतिविधियां देखकर संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन से अपने सैन्य अभ्यास को तुरंत बंद करने का आग्रह किया है। चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबाल टाइम्स की ओर से ट्वीट किए गए वीडियो में यह दिखाने का प्रयास किया गया है कि कैसे चीनी सेना ताइवान के आसपास अपना पैर जमा रही है और सैन्य को अंजाम दे रही है।

ताइवान के साथ तनाव के बीच चीन की ओर से जारी किए गए वीडियो का मुख्य एजेंडा चीन की सैन्य ताकत को दिखाना है।

युद्धक विमानों से लेकर नई पीढ़ी के विमानों के शामिल किए जाने तक, संयुक्त नाकाबंदे अभ्यास ताइवान के लिए एक चेतावनी जैसा है। ताइवान पर बीजिंग पहले से ही अपना हक होने का दावा करते आ रहा है।

चीन का कहना है कि उसने ताइवान के आसपास के छह क्षेत्रों में युद्धक विमानों, नौसेना के जहाजों और मिसाइल हमलों से जुड़े अभ्यास शुरू कर दिए हैं।

वे द्वीप के तट से 20 किलोमीटर (12 मील) की दूरी पर स्थित हैं, जो संभावित रूप से ताइवान के जल क्षेत्र का उल्लंघन करते हैं।

चीन ने इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद यह कहते हुए सैन्य अभ्यास शुरू किया था कि उनकी यात्रा ने एक चीन नीति का उल्लंघन किया है। ताइवान पर चीन अपना दावा जताता है और उसने धमकी दी है कि जरूरत पड़ने पर वह बलपूर्वक इस द्वीप को अपने कब्जे में ले लेगा।

# सबसे ज्यादा नियुक्तियां करने वाले देश के मुख्य न्यायाधीश हैं जस्टिस रमन्ना

## जस्टिस रमन्ना ने अपने कार्यकाल में 105 से ज्यादा जजों की नियुक्तियां की हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है

नई दिल्ली, 7 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एन.वी. रमना उच्च न्यायपालिका में जजों की सबसे ज्यादा नियुक्तियां करने वाले देश के मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। अपने एक वर्ष से थोड़ा ज्यादा के कार्यकाल में उन्होंने 100 से ज्यादा जजों की नियुक्तियां हाईकोर्ट में और पांच से ज्यादा नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट में की हैं। उच्च न्यायालयों में जजों की रिक्तियां 411 से घटकर 380 रह गई हैं।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एनवी रमना ने अप्रैल 24, 2021 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एसए बोबडे का स्थान लिया था, उस समय देश के 24 हाईकोर्टों में जजों की 40 फीसदी (411) से ज्यादा रिक्तियां थीं। पटना हाईकोर्ट समेत कुछ हाईकोर्ट आधे से भी कम क्षमता के साथ काम कर रहे थे। लेकिन जस्टिस रमना ने आते ही कोलेजियम (न्यायाधीशों के चयन के लिए पांच वरिष्ठतम जजों का मंडल) में सर्वसम्मति बनाने के प्रयास किए और जजों की सिफारिशें स्वीकार होने लगीं।

- **अपने करीब 15-16 महीने के कार्यकाल में उन्होंने विभिन्न हाईकोर्टों में जजों की रिक्तियां 411 से घटाकर 380 कर दी है।**
- **उनके मुख्य न्यायाधीश बनने से पहले विभिन्न हाईकोर्टों में जजों की 40 फीसदी सीटें खाली थीं।**
- **जस्टिस रमन्ना ने कॉलेजियम की आखिरी बैठक 25 जुलाई 2022 को आयोजित की थी। उसमें उन्होंने छह हाईकोर्ट के लिए जजों के 35 नामों की संस्तुति सरकार को भेजी।**
- **जस्टिस ललित 26 अगस्त को देश के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।**

केंद्र सरकार ने उनकी लगभग सभी सिफारिशें मानी और नियुक्तियां कीं। आज यह स्थिति है कि हाईकोर्ट में अब रिक्तियों की संख्या घटकर 380 रह गई है। दिलचस्प बात यह है कि जस्टिस रमना के पूर्ववर्ती जस्टिस एसए बोबडे अपने एक साल के कार्यकाल के दौरान एक भी नियुक्ति नहीं कर पाए थे। हालांकि, उनका पूरा कार्यकाल करोना महामारी के दौरान का रहा, लेकिन नियुक्तियों का करोना से कोई संबंध नहीं था। कोलेजियम की सर्वसम्मति ही इसमें महत्वपूर्ण मुद्दा था। जस्टिस रमना 26 अगस्त 2022 को सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

जस्टिस रमना ने कॉलेजियम की आखिरी बैठक 25 जुलाई 2022 को आयोजित की थी। उसमें उन्होंने छह हाईकोर्ट के लिए जजों के 35 नामों की संस्तुति सरकार को भेजी। इनमें से आठ नाम न्यायिक अधिकारियों के हैं। इसके बाद उन्होंने एक और बैठक की जो सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों को लाने के लिए थी, लेकिन इसमें सर्वसम्मति नहीं बन पाई। इसके बाद उन्होंने एक और प्रयास 1 अगस्त को किया, लेकिन अन्य चार जज इसके लिए तैयार नहीं हुए।

इस बीच केंद्र सरकार ने उन्हें एक पत्र भेजा और अपने उत्तराधिकारी का नाम संस्तुति करने का आग्रह किया। जस्टिस रमना ने अगले दिन अपने उत्तराधिकारी के लिए जस्टिस यूयू ललित का नाम सरकार को भेज दिया। सरकार को नाम भेजते ही वह कोलेजियम की बैठक से दूर हो गए। जस्टिस ललित 26 अगस्त को देश के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

# रास्ते से भटक गया इसरो का सैटलाइट

नई दिल्ली, 7 अगस्त। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर एस.एस.एल.वी. द्वारा लॉन्च किए गए सैटलाइट से निराशा हाथ लगी है। इसरो ने रविवार को बताया कि स्मॉल सैटलाइट लॉन्च वीइकल एस.एस.एल.वी.-डी-1 अब इस्तेमाल लायक नहीं रह गया है क्योंकि इसे पृथ्वी की सर्कुलर ऑर्बिट की जगह एलिप्टिकल ऑर्बिट

- **इसरो को आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर एस.एस.एल.वी. द्वारा लॉन्च किए गए सैटलाइट से निराशा हाथ लगी है।**

में स्थापित कर दिया गया। बताया गया कि सेंसर फेल्योर की वजह से इसने अपनी दिशा बदल दी और यह गलत कक्षा में स्थापित हो गया

इसरो ने कहा है कि, इस बार हुई चूक को अनैलाइज किया जाएगा। इसके बाद सुधार के साथ जल्द ही एस.एस.एल.वी.-डी2 लॉन्च किया जाएगा। संगठन की ओर से कहा गया, एस.एस.एल.वी.-डी-1 ने सैटलाइट को 356 किमी. एलिप्टिल ऑर्बिट में प्लेस कर दिया जबकि इसे 356 किमी सर्कुलर ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था। अब सैटलाइट इस्तेमाल में नहीं आ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विपक्ष पर जमकर भड़कीं मारग्रेट अल्वा

## अल्वा ने कहा कि, विपक्षी दलों ने डायरैक्ट व इनडायरैक्ट तरीके से एन.डी.ए. को सपोर्ट किया है

नई दिल्ली, 7 अगस्त। उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा शनिवार को हार के बाद अपने सहयोगियों पर भड़क उठीं। उन्होंने कहा कि कुछ विपक्षी दलों ने भी डायरेक्ट या इनडायरेक्ट तरीके से एन.डी.ए. उम्मीदवार का समर्थन किया है। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति चुनाव में मार्गरेट अल्वा को 200 से भी कम वोट मिले हैं। इससे पहले उन्होंने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बा उपराष्ट्रपति पद के लिए लड़ाई तो खत्म हो चुकी है। हालांकि संविधान की रक्षा, लोकतंत्र की मजबूती और संसद की गरिमा को स्थापित करने का संघर्ष जारी रहेगा।

अल्वा ने चुनाव हारने के बाद ट्विटर पर अपनी बातें लिखीं। उन्होंने विपक्षी दलों की एकता में कमी पर निराशा जाहिर की। उन्होंने लिखा कि यह चुनाव विपक्षी दलों के लिए एक शानदार अवसर की तरह था। उनके पास विपक्षी एकता की ताकत को जाहिर करने का पूरा मौका था। वह बीते हुए कल को पीछे छोड़कर एक-दूसरे के अंदर भरोसा पैदा कर सकते थे। लेकिन दुर्भाग्य से कुछ विपक्षी दलों ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा का साथ देने का फैसला किया। इसके चलते विपक्ष की एकता की गाड़ी पटरी से उतर गई। इसके साथ ही देश का उपराष्ट्रपति चुने जाने पर जगदीप धनखड़ को बधाई। साथ ही उन्होंने विपक्ष के सभी नेताओं और खुद को वोट देने वाले सभी सांसदों और चुनाव के दौरान अपने अभियान में साथ देने वाले वॉलंटियर्स का भी शुक्रिया अदा किया।

- **अल्वा ने चुनाव हारने के बाद ट्विटर पर अपनी बातें लिखीं। उन्होंने लिखा कि, यह चुनाव विपक्षी दलों के लिए एक शानदार अवसर की तरह था। उनके पास विपक्षी एकता की ताकत को जाहिर करने का पूरा मौका था। वह बीते हुए कल को पीछे छोड़कर एक-दूसरे के अंदर भरोसा पैदा कर सकते थे।**

गौरतलब है कि कई विपक्षी दलों- जनता दल (यूनाइटेड), वाई.एस.आर. सी. पी., बी.एस.पी., ए.आई.ए. डी. एम. के. और शिवसेना ने धनखड़ का समर्थन किया था। वहीं ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी दलों पर उम्मीदवार चुनने से पहले सलाह न लेने का आरोप लगाते हुए इस चुनाव से दूर रहने का फैसला किया था। इसके बावजूद टी.एम.सी. के दो सांसद वोट डालने पहुंचे थे। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अल्वा को संयुक्त विपक्ष की भावना को शानदार ढंग से प्रदर्शित करने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया।

# श्रीकांत त्यागी भाजपा का नेता है?

नई दिल्ली, 7 अगस्त। नॉएडा सैक्टर-93बी स्थित ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में महिला से बदसलूकी कर चर्चा में आए नेता श्रीकांत त्यागी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस के नेता कीर्ति आजाद ने रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ श्रीकांत त्यागी की फोटो शेयर कर भाजपा पर चुटकी ली है। इस तस्वीर में श्रीकांत त्यागी भाजपा अध्यक्ष नड्डा को एक गुलदस्ता भेंट करता दिख रहा है। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान इस तस्वीर की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

इस फोटो की कैप्शन के तौर पर उन्होंने वायरल

- **भाजपा महिला से बदसलूकी के आरोपी नॉएडा के नेता श्रीकांत त्यागी से पल्ला झाड़ने के लाख प्रयास कर रही है, लेकिन रोज़ उनके भाजपाई होने के नये-नये सबूत सामने आ रहे हैं।**

हो रहे एक मीम की लाइन- देख रहे हो ना विनोद, श्रीकांत त्यागी का भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है भी लिखी है। महिला के साथ बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद से श्रीकांत त्यागी फरार है। उसके खिलाफ एफ.आई.आर. भी दर्ज हो चुकी है और पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं।

बता दें कि, कथित तौर पर खुद को भाजपा नेता बताने वाले श्रीकांत त्यागी का अपनी सोसाइटी में एक महिला से बदसलूकी करने का वीडियो वायरल होने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अयोध्या में जमीन घोटालेबाजों की लिस्ट में भाजपा विधायक व मेयर का नाम भी शाामिल

## अयोध्या विकास प्राधिकरण ने अवैध रूप से जमीन खरीद-फरोख्त करने वाले 40 लोगों की लिस्ट जारी की

अयोध्या, 7 अगस्त। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने अपने क्षेत्र में अवैध रूप से जमीन बेचने और उन पर निर्माण कराने वाले 40 लोगों की लिस्ट जारी की है। इनमें अयोध्या के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय और भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता भी शामिल हैं। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने मीडिया को बताया कि प्राधिकरण की ओर से शनिवार रात प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध रूप से जमीन की खरीद-फरोख्त और निर्माण कार्य कराने वाले 40 लोगों की एक लिस्ट जारी की गई। उन्होंने कहा कि इस लिस्ट में शामिल इन सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण की ओर से जारी लिस्ट में बीजेपी विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय के नाम भी शामिल हैं। गुप्ता और उपाध्याय ने इसके जवाब में आरोप लगाया कि यह एक साजिश है और उन्हें गलत तरीके से इस मामले में फंसाया गया है। लिस्ट में मिल्कीपुर क्षेत्र से पूर्व बीजेपी विधायक गोरखनाथ बाबा का नाम भी शामिल है। गौरतलब है कि इस साल के शुरू में हुए विधानसभा चुनाव से पहले अयोध्या में गलत तरीके से जमीन की खरीद-फरोख्त किए जाने का मामला गर्माया था। क्षेत्रीय सांसद लल्लू सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इस मामले की विशेष अनुसंधान दल से जांच कराने की मांग की थी। अयोध्या में जमीन की अवैध खरीद-फरोख्त का जब मामला गर्माया था तब यूपी के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक ट्वीट कर इस मामले पर कहा था, ''हमने पहले भी कहा है, फिर दोहरा रहे हैं... भाजपा के भ्रष्टाचारी कम-से-कम अयोध्या को तो छोड़ दें।''

- **इस लिस्ट में अयोध्या के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और पूर्व क्षेत्रीय विधायक गोरखनाथ बाबा का नाम भी शामिल है।**
- **गौरतलब है कि, पिछले दिनों सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि, ''भाजपा के पापी नेताओं कम से कम अयोध्या को तो छोड़ दो।''**
- **अखिलेश यादव ने कहा था कि, भाजपा के नेताओं ने जिम्मेदार विभागों से सांठगांठ कर अब तक 30 अवैध कॉलोनियां बसाकर सरकार को अरबों रुपये के राजस्व का चूना लगाया।**

इससे पहले सपा ने अपने आधिकारिक हैंडल से किए गए ट्वीट में कहा था, ''अयोध्या में भाजपाइयों का पाप! भाजपा के महापौर, नगर विधायक और पूर्व विधायक भू-माफियाओं के साथ मिलकर बसा रहे अवैध कॉलोनियां। जिम्मेदार विभागों से सांठगांठ कर अब तक 30 अवैध कॉलोनियां बसाकर सरकार को अरबों रुपये के राजस्व का लगाया चूना। मामले की हो जांच। दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई।''

गौरतलब है कि, कुछ महीने पहले इस मामले को उठाने वाले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह ने भी अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा लिस्ट जारी किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के लोगों की आस्था भगवान श्रीराम में नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार में है। सिंह ने एक बयान में कहा कि प्रभु राम के नाम पर जमीन के घोटाले का खुलासा सबसे पहले उन्होंने किया था और उस वक्त भी अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय का नाम आया था। उन्होंने कहा कि आज जमीन का घोटाला करने वाले लोगों की जो लिस्ट जारी हुई है, उसमें अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, अयोध्या नगर के भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा का भी नाम शामिल है।

# ज़वाहीरी का शव

काबुल, 7 अगस्त (वार्ता)। तालिबान ने कहा है कि, उसे अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अमेरिकी मिसाइल हमले के स्थल से अल-कायदा आतंकवादी समूह के नेता अयमान अल-जवाहिरी का शव नहीं मिला।

इससे पहले सप्ताह में, तालिबान ने कहा था कि, उसे अल-जवाहिरी के काबुल में आने और रहने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने शनिवार को कहा, हमें उस जगह पर कोई शव नहीं मिला जहां अमेरिकी ड्रोन ने हमला किया था।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने पहले अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि

- **तालिबान ने कहा है कि, उसे काबुल में अमेरिकी मिसाइल हमले के स्थल से अल-कायदा आतंकवादी समूह के नेता अयमान अल-ज़वाहीरी का शव नहीं मिला।**

अल-जवाहिरी हाल के महीनों में सिराजुद्दीन हक्कानी के परिसर के पास मध्य काबुल में रह रहा था। सूत्रों के अनुसार अल-जवाहिरी 2021 के अंत में काबुल चला गया और हक्कानी के संरक्षण में था।

व्हाइट हाउस ने पुष्टि की कि अमेरिका ने 30 जुलाई को काबुल में एक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप ओसामा बिन लादेन की मौत के बाद आतंकवादी समूह का नेतृत्व करने वाले अल-जवाहिरी को एक ड्रोन के जरिये दो हेलफायर मिसाइलों से उसे ढ़ेर कर दिया गया।

## विचार बिन्दु

**कोयल दिव्य आम रस पीकर भी अभिमान नहीं करती, लेकिन मेंढक कीचड़ का पानी पीकर भी टर्राने लगता है। –प्रसंग रत्नावली**

# समर्थ को दोष क्यों नहीं?

परीक्षाएं पहले भी होती थीं, अब भी होती हैं, आगे भी होती रहेंगी। अपने लगभग साढ़े तीन दशकों के सेवा काल में और उसके बाद भी मैंने न जाने कितनी भूमिकाओं में परीक्षाओं के संचालन में सहभागिता की है। हर परीक्षा उससे जुड़े व्यक्ति की भी परीक्षा होती है। अब संतोष होता है कि सब कुछ ठीक–ठाक रहा, कोई प्रवाद नहीं हुआ। लेकिन समय के बदलने के साथ–साथ परीक्षा करवाना जटिल से जटिलतर होता जा रहा है। अब तो समय ऐसा आ गया है कि शायद ही कोई परीक्षा हो जो बिना किसी विवाद के संपन्न हो सकी हो। ऐसे में हाल में राजस्थान में रीट जैसी बड़ी परीक्षा का निर्विघ्न संपन्न हो जाना बहुत राहत की बात है।

परीक्षा भले ही निर्विघ्न संपन्न हो गई। कम से कम मेरे मन में बहुत सारी बातें छोड़ गई है। आज एक बात की ही चर्चा करूंगा। जैसे–जैसे परीक्षा कार्य संपन्न करवाना कठिन होता जा रहा है, उसे आयोजित करवाने वालों को दिए जाने वाले निर्देश भी बढ़ते जा रहे हैं। कभी इण्टरनेट बंद किया जाता है (जो पहले कभी नहीं किया जाता था। पहले तो होता भी नहीं था), तो कभी परीक्षार्थियों के लिए क्या पहनें और क्या न पहने की विस्तृत दिशा–निर्देशिका ज़ारी की जाती है। प्रश्न पत्र लीक हो जाने की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए इस आशय के निर्देश भी ज़ारी किए जाते हैं कि एक निश्चित समय के बाद परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश न दिया जाए। आज मैं ऐसे ही कुछ निर्देशों के बारे में चर्चा करना चाहता हूं। जिस दिन परीक्षा आयोजित होती है उस के अगले दिन के अखबार इस तरह की खबरों से भरे रहते हैं कि कोई परीक्षार्थी केवल पांच मिनिट देर से आया तो भी उसे परीक्षा केंद्र में नहीं घुसने दिया गया या किसी महिला परीक्षार्थी से उसका मंगलसूत्र तक उतरवा दिया गया। ऐसी ख़बरें हम हर परीक्षा के बाद पढ़ते हैं।

इस बार भी ये सब पढ़ने को मिलीं। ऐसी ख़बरों में सहानुभूति का एक अतिरिक्त तड़का भी मार दिया जाता है। मसलन यह कि दो दिन पहले ही मां बनी एक युवती को सिर्फ़ दस मिनिट देर से आने पर परीक्षा केंद्र में नहीं घुसने दिया गया। समझा जा सकता है कि मां बनने वाली बात उसके प्रति अतिरिक्त सहानुभूति पैदा करने के लिए लिखी गई है। उसके प्रति सहानुभूति और परीक्षा करवाने वालों की निर्ममता के प्रति नाराज़गी पैदा करने के लिए। माना जा सकता है कि अखबार का संवाददाता बेहद संवेदनशील है और उससे किसी का दुख देखा नहीं जाता है। लेकिन क्या बात केवल इतनी–सी है? क्या इस बात का कोई रिश्ता हमारे सोच की बनावट से भी जुड़ता है?

जैसा मैंने पहले कहा, आजकल परीक्षा आयोजित करना बहुत जटिल होता जा रहा है। परीक्षार्थी पहले से अधिक चालाक हो गया है, उसके साथ इस परीक्षा रूपी किले में सेंध लगाने के लिए अन्य अनेक ताकतें भी जुड़ गई हैं। इसलिए जो परीक्षा आयोजित करते–करवाते हैं उन्हें भी पहले से ज़्यादा सावधानी बरतनी पड़ती है। कुछ ख़ास तरह की वेशभूषा का आग्रह, समय की पाबंदी का कठोरता से निर्वाह ऐसी ही सावधानियां हैं। देखने की बात यह है कि इस तरह की सावधानियां और पाबंदियां जीवन के अन्य अनेक क्षेत्रों में भी बरती जाती हैं। क्या हम उनको लेकर भी ऐसी ही मानवीय करुणा से भरी ख़बरें लिखते और टिप्पणियां करते हैं? या कुछ के प्रति हम अधिक सहानुभूतिशील होते हैं और कुछ के प्रति हम ज़रूरत से ज़्यादा छिद्रान्वेषी हो जाते हैं? किनकी कड़ाई को हम सहज भाव से स्वीकार करते हैं और किनकी कड़ाई हमें दुखी करती है?

**एक मामूली आदमी, मसलन कबाड़ी का रद्दी अखबार तोलने में डण्डी मारना हमारे लिए चर्चा का विषय बन जाता है। आप किसी पांच सितारा होटल में जाकर बाहर बीस रुपये में मिलने वाली पानी की बोतल के दो सौ रुपये सहर्ष दे देंगे, लेकिन जब एक साइकिल रिक्शा वाला आपको एक से दूसरी जगह ले जाने के दस रुपये मांगेगा तो आपको लगेगा कि वह आपको लूट रहा है।**

जीवन के बहुत सारे क्षेत्र ऐसे हैं जहां कड़े फैसले होते हैं और तदनुरूप कार्यवाही भी की जाती है। पुलिस चोर को पकड़ती है, उसे दण्डित करती है। न्यायपालिका भी इसी तरह के काम करती है। कभी किसी को सपरिश्रम कारावास तो यदा–कदा किसी को मृत्यु दण्ड भी। इनके अलावा भी अनेक इलाके हैं जहां कठोर फैसले होते हैं। क्या तब भी हमारे पत्रकार मित्र इसी तरह कातर होते हैं? अगर पुलिस किसी को गिरफ्तार करती है तो कभी यह क्यों नहीं लिखा जाता कि इसने बस, एक छोटी–सी ग़लती ही तो की थी! और यही क्यों? अगर मैं जयपुर से सड़क मार्ग से दिल्ली जाते हुए ट्रैफिक जाम में फंस जाऊं और दिल्ली से मुझे विदेश ले जाने वाली फ्लाइट छूट जाए तो मुझे होने वाली असुविधा और आर्थिक क्षति पर एक बूंद भी आंसू क्यों नहीं टपकाया जाता? किसी एयरलाइंस पर उस समय कोई सवाल क्यों नहीं उठाया जाता जब वह एक निश्चित समय पर बोर्डिंग गेट बंद कर देती है? इन सबकी व्यवस्थाओं को हम बहुत सहज भाव से स्वीकार करते हैं, लेकिन जब शिक्षा की दुनिया में किसी व्यवस्था का पालन (वह भी मज़बूरी में) किया जाता है तो हमारी सहानुभूति के परनाले बहने लगते हैं!

मेरा ऐसा मानना है कि पूरे समाज के लिए शिक्षा और उससे जुड़े लोग सॉफ्ट टार्गेट हैं। जब भी किसी का जी चाहता है, इन्हें गरिया दिया जाता है। इसलिए कि ये ताकतवर नहीं हैं। बाबा तुलसीदास याद आते हैं: ***समरथ को नहिं दोष गुसाईं।*** पुलिस, न्यायपालिका, रेल, हवाई जहाज – ये सब समर्थ हैं। इसलिए हम इन पर कभी उंगली नहीं उठाएंगे। शिक्षक कमज़ोर है, उसे हर समय कटघरे में खड़ा करते रहेंगे।

यहां शिक्षक को अधिक व्यापक संदर्भ में लें – जो भी शिक्षा से जुड़ा काम कर रहा है, वह शिक्षक है।

परीक्षा से जुड़ा काम भी शिक्षा से जुड़ा काम है। वैसे, कमज़ोर और ताकतवर के बीच यह भेद यहीं नहीं, हमारे चारों तरफ नज़र आता है। आप चौराहे पर ट्रैफिक नियंत्रित करने वाले अल्प वेतन भोगी सिपाही के तथाकथित भ्रष्ट आचरण पर तो खूब टिप्पणी करेंगे लेकिन उसको ऐसा करने के लिए विवश करने वाली व्यवस्था पर चुप रहेंगे। तथाकथित का प्रयोग मैंने जान बूझकर और सोच समझकर किया है। इस बात पर ज़रूर विचार करें कि ज़्यादातर मामलों में वह आपसे पैसे नहीं मांगता है, आप खुद आगे बढ़कर उसे पैसे देते हैं। पांच सौ रुपये का चालान कटवाने की बजाय सौ रुपये उसके हाथ में देकर आप खुद ईमानदार बन जाते हैं और उसे चोर घोषित कर देते हैं। अपने चारों तरफ हमें भ्रष्टाचार नहीं दिखाई देता है। कभी हम इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि लोग जो अनाप शनाप खर्चा कर रहे हैं वह आ कहां से रहा है। बीस तीस हज़ार की तनख़्वाह वाला बोलेरो में घूमता है लेकिन वह हमारी आंखों में नहीं खटकता है। ये सब हमारे लिए सदा सम्मानित बने रहते हैं। लेकिन एक मामूली आदमी, मसलन कबाड़ी का रद्दी अखबार तोलने में डण्डी मारना हमारे लिए चर्चा का विषय बन जाता है। आप किसी पांच सितारा होटल में जाकर बाहर बीस रुपये में मिलने वाली पानी की बोतल के दो सौ रुपये सहर्ष दे देंगे, लेकिन जब एक साइकिल रिक्शा वाला आपको एक से दूसरी जगह ले जाने के दस रुपये मांगेगा तो आपको लगेगा कि वह आपको लूट रहा है।

ऐसा नहीं है कि शिक्षा की दुनिया में सब साफ सुथरा है। बेशक वहां भी बहुत कुछ है जो धूसर है, और उस पर बात होनी भी चाहिए। लेकिन इस प्रसंग में तो यह भी देखा जाना चाहिए को जो कड़ाई बरती जा रही है वह समय की ज़रूरत है। एक प्रसंग का ज़िक्र करके इस बात को विराम दूंगा। स्वयं प्रकाश हिंदी के बड़े कथाकार हैं। कुछ समय पहले उनकी एक संस्मरणात्मक पुस्तक आई थी – ***धूप में नंगे पांव।*** इस पुस्तक में उन्होंने अपने जीवन से जुड़ा एक प्रसंग लिखा है। वे एम.ए. हिंदी की परीक्षा दे रहे थे। जहां वे रहते थे, परीक्षा केंद्र वहां से चालीस किलोमीटर दूर था। जिस दिन उनका आखिरी पेपर था, संयोग कुछ ऐसा बना कि वे ठीक समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सके। और वे सिर्फ़ पांच मिनिट लेट नहीं हुए थे। इस किताब के विवरण के अनुसार वे दो घण्टा देर से पहुंचे। (वैसे वे दो घण्टा नहीं कोई आधा घण्टा देर से पहुंचे थे। यह जानकारी इसलिए कि मैं खुद इस प्रसंग का एक किरदार था। किताब में ज़िक्र है। लेकिन कथाकार अतिशयोक्ति करने का हक़ रखता है!) और प्राचार्य ने उन्हें परीक्षा देने दी। (अगर आपके पास यह किताब हो तो देखें पृ 128–129)। लेकिन, जैसा मैंने कहा, वह समय अलग था। आज जैसा जटिल नहीं था। ऐसा नहीं है कि आज का पूरा शिक्षा तन्त्र अमानवीय हो गया है। मज़बूरी यह है कि आज अगर कोई परीक्षा कर्मचारी किसी को ज़रा भी छूट दे दे तो न जाने कितने प्रवाद उठ खड़े हों। और यह भी पता नहीं कि जिसे छूट दी जाए वह उसका सुपात्र है या कुपात्र! क्या पता कुछ देर से आने वाला बाहर से लीक हुए पर्चे के उत्तर लेकर भीतर आ रहा हो! क्या पता किसी महिला ने अपने किसी आभूषण में नकल करने की कोई डिवाइस छिपा रखी हो। क्या पता....क्या पता!

ऐसे में ज़िम्मेदार पत्रकारिता से, और समाज से भी, यह उम्मीद तो बनती ही है कि वह कमज़ोर के प्रति सहानुभूति रखते हुए उनके प्रति भी निर्मम न हो जो दिये हुए निर्देशों का पालन करके अपने कर्तव्य का समुचित निर्वहन कर रहे हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद् और साहित्यकार )**

# अदालतों में मुकदमों के अंबार को कम करने पर हो मंथन

**लाख** प्रयासों के बावजूद देश की अदालतों में मुकदमों का अंबार कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश की अदालतों में सात करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। इनमें से करीब 87 फीसदी मुकदमे देश की निचली अदालतों में लंबित हैं तो करीब 12 फीसदी मुकदमे राज्यों के उच्च न्यायालयों में लंबित चल रहे हैं। देश की सर्वोच्च अदालत में एक प्रतिशत मुकदमे लंबित हैं। पिछले दिनों जयपुर में आयोजित एक समारोह के दौरान न्यायालयीय प्रक्रिया और सर्वोच्च न्यायालय में पैरवी करने वाले वकीलों की फीस को लेकार अच्छी खासी चर्चा हुई जो मीडिया की सुर्खियां भी बनी। वहीं अगस्त में कार्य भार संभालने वाले नए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति यूयू ललित द्वारा अदालत में सुबह साढ़े नौ बजे सुनवाई आरंभ करने की पहल पर भी वाद–विवाद का दौर जारी है। उधर सरकार ने मानसून सत्र में कुछ बदलावों के साथ मध्यस्थता विधेयक लाने का संकेत दिया है तो दूसरी ओर न्यायाधीशों की भर्ती में एकरुपता लाने के केन्द्र के प्रयास लगभग विफल हो गए हैं।

हांलाकि इसमें कोई दो राय नहीं कि न्यायालयों में मुकदमों का अंबार लगा हुआ है तो दूसरी और सभी पक्ष इसे लेकर चिंतित भी हैं। सवाल यह है कि मुकदमों के इस अंबार को कम करने के लिए कोई ऐसी रणनीति बनानी होगी जिससे अदालतों का भार भी कम हो न्यायिक प्रक्रिया लंबी भी ना चले, लोगों को समय पर न्याय भी मिले। पिछले पांच साल में ही देश में लंबित मुकदमों की संख्या चार करोड़ से बढ़कर आज सात करोड़ हो चुकी है। हांलाकि लोक अदालत के माध्यम से मुकदमों में कमी लाने की सार्थक पहल अवश्य की गई है पर लोक अदालतों में लाखों प्रकरणों के निबटने के बावजूद हालात में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। दरअसल लाखों की संख्या में इस तरह के मुकदमे हैं जिन्हें निपटाने के लिए कोई सर्वमान्य समाधान खोजा जा सकता है। मुकदमों की प्रकृति के अनुसार उन्हें विभाजित किया जाए और फिर समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर उन्हें निपटाने की कार्य योजना बने तो समाधान कुछ हद तक संभव है। कुछ इस तरह के मुकदमे हैं जिन्हें आसानी से निपटाने की कोई योजना बन जाए तो मुकदमों की संख्या में कमी हो सकती है। इनमें खासतौर से यातायात नियमों को तोड़ने वाले मुकदमों की ऑनलाइन निपटान की कोई व्यवस्था हो जाए तो अधिक कारगर हो सकती है। इसी तरह से चैक बाउंस होने के लाखों की संख्या में मुकदमे हैं जिन्हें एक या दो सुनवाई में ही निस्तारित किया जा सकता है। इसी तरह से मामूली कहासुनी के मुकदमे जिसमें शांति भंग के प्रकरण शामिल हैं उन्हें भी तारीख दर तारीख के स्थान पर एक ही तारीख में निपटा दिया जाए तो हल संभव है। इसी तरह से राजनीतिक प्रदर्शनों को लेकर दर्ज होने वाले मुकदमों के निस्तारण की भी कोई कार्ययोजना बन जाए तो उचित हो। इससे कम ग्रेविटी के मुकदमों का सहज निस्तारण संभव होगा तो न्यायालयों का समय भी बचेगा।



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

देश में सबसे ज्यादा मुकदमे रेवेन्यू से जुड़े हुए हैं। गांवों में जमीन के बंटवारे या सीमा निर्धारण को लेकर देश की निचली अदालतों में अंबार लगा हुआ है। इस तरह के मुकदमों के निपटारे में ग्राम पंचायत की कहीं कोई भूमिका तय हो तो शायद कोई स्थाई समाधान संभव हो सकता है। पंच परमेश्वर की अवधारणा कहीं इस तरह के मुकदमों के निपटारे में अधिक सहायक हो सकती है। स्थानीय स्तर पर समझाइस से इस तरह के मुकदमों पर शीघ्र निर्णय की एक संभावना बनती है। हो यह रहा है कि रेवेन्यू के मुकदमें अपील दर अपील पीढ़ी दर पीढ़ी चलते रहते हैं और मामूली सा सीमा विवाद लंबी कानूनी प्रक्रिया में उलझ कर रह जाता है। मीडिया ट्रॉयल पर भी अंकुश की आवश्यकता है क्योंकि इससे कुछ हद तक निर्णय प्रभावित होने की संभावना बनती है।

**■ कुल लंबित सात करोड़ मुकदमों का करीब 87 फीसदी देश की निचली अदालतों में लंबित हैं**

हांलाकि इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारे देश की अदालतों में ब्रिटेन आदि की अदालतों से कई गुणा अधिक मुकदमों की सुनवाई एक दिन में होती है। केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजूजू की माने तो इंग्लैण्ड में एक न्यायाधीश एक दिन में तीन से चार मामलों में निर्णय देते हैं जबकि हमारे देश में प्रत्येक न्यायाधीश औसतन प्रतिदिन 40 से 50 मामलों में सुनवाई करते हैं। यह इस ओर भी इंगित करता है कि हमारे देश में न्यायाधीशों के पास कार्यभार अधिक है। अधिक काम करने के बावजूद मुकदमों की संख्या कम होने का नाम ही नहीं लेती। पिछले कुछ समय से जिस तरह से पीएलआई को लेकर माननीय न्यायमूर्तियों द्वारा प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है और जुर्माना भी लगाया जा रहा है इसके भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे है। इसी तरह से कोर्ट में केस दायर होने पर गवाह या याचिकाकर्ता के होस्टाइल होने को भी जिस तरह से अदालतों द्वारा गंभीरता से लिया जाने लगा है उसके भी परिणाम आने वाले समय में और ज्यादा सकारात्मक होंगे। न्यायालयों की मध्यस्थता के लिए भेजे जाने वाले मामलों में वादी–प्रतिवादी द्वारा गंभीरता नहीं दिखाने से भी हालात अधिक सुधरे नहीं है। केन्द्र सरकार अब मध्यस्थता कानून में इसी मानसून सत्र में आवश्यक संसोधित प्रावधानों के साथ पारित कराने के लिए गंभीर लगती है। देखा जाए तो अदालतों की सामान्य प्रक्रिया पर लोगों का विश्वास है। चारों तरफ से निराश और हताश व्यक्ति न्याय के लिए न्याय का दरवाजा खटखटाता है। ऐसे में गैरसरकारी संगठनों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि वे लोगों में अवेयरनेस लाएं और अदालत से बाहर निपटने वाले मामलों को बाहर ही निपटा लें। इसके लिए पूर्व न्यायाधीशों, पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, वरिष्ठ वकीलों व गैरसरकारी संगठनों या सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीम बनाई जा सकती है जो इस तरह के मामलों को समझाइश से सुलझा सके। जिससे न्यायालयों का समय भी बचे और वादी प्रतिवादी का धन और समय बचने के साथ ही सौहार्द भी बना रह सके।

**– डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# शहर से लेकर ग्रामीणांचल तक राखी की दुकानें सजी



**पावटा कस्बे के बाजार में राखी खरीदती महिलाएं।**

**पावटा,** (निसं)। रक्षाबंधन पर्व के लिए राखी की दुकानें सज गई हैं। त्योहार के लिए सजे बाजार में आई राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

रक्षाबंधन पर्व पर बाहर रहने वाले भाइयों को अभी से राखियां भेजना शुरू कर दिया है। राखी के पर्व के लिये कपडे, मिठाई और ड्राईफूड से लेकर गिफ्ट आइटम बेचने वालों की दुकानों पर भी रौनक दिखाई दे रही है। उच्च वर्गीय लोगों के लिये बाजार में सोने और चांदी की सुदंर कलात्मक राखियां भी उपलब्ध हैं। पर्व को लेकर नगर से लेकर ग्रामीणांचल तक राखी की दुकानें सज गई हैं। राखी व्यवसायियों के अनुसार इस बार बाजार में चीन निर्मित लोराए, सोफिया और रिया के अलावा ओमश्री अशोक चक्र, सहेली, जलाशीष और संगम मार्का राखियों की खासी बिक्री हो रही है। दुकानों पर लोगों की भीड लगनी शुरू हो गई है। चाइनीज और मुंबई निर्मित स्टोन की राखियों का बाजार में दबदबा है।

**■ राखी के दामों में करीब 10 से 15 फीसदी का इजाफा**

# सोनिका ने कमाल की ड्रिब्लिंग कर दागा गोल

**सादुलपुर,** (निसं)। राष्ट्रमंडल खेलों में रविवार को भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेहद रोमांचक मैच में गत चैंपियन न्यूजीलैंड को पेनल्टी शूटआउट में हराकर पहली बार इन खेलों में ब्रांज मैडल जीत लिया है। वहीं बेहद रोमांचक मैच के निर्धारित चार क्वार्टर पूर्ण होने तक दोनों टीमें एक–एक गोल की बराबरी पर थी। ऐसे में मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से होना था, जहाँ न्यूजीलैंड की टीम 1–० की बढ़त बना चुकी थी और भारतीय टीम अपना पहला अवसर गंवा चुकी थी। ऐसे में चूरू जिले के अंतिम छोर पर स्थित सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव गालड की बिटिया सोनिका टांडी को पेनल्टी शॉट का अवसर मिला। जिसमें सोनिका ने कमाल की ड्रिब्लिंग करते हुए विपक्षी गोलकीपर को छकाते हुई गोल दागकर धमाल कर दिया। इसके बाद भारतीय गोलकीपर सविता ने अपने साहसिक प्रयासों से विपक्षी टीम को उभरने नहीं दिया। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में मुकाबला 2–1 से जीतते हुई राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार महिला हॉकी में ब्रॉन्ज मैडल पर कब्जा कर लिया। मैच के अंतिम पडाव में सोनिका के गोल करते ही उसके पैतृक गांव गालड व आसपास के गाँवों में खुशी की लहर दौड गई। वहीं लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। हॉकी प्रेमी वेदपाल धानोठी ने बताया कि सोनिका टांडी बेहद प्रतिभाशाली खिलाडी है, जोकि पूर्व में भारत को एशिया कप जीताकर चूरू जिले व राजस्थान प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी हैं।



**चूरू जिले के गांव गालड की हॉकी खिलाडी सोनिका टांडी तिरंगे के साथ।**

**■ पेनल्टी शॉट में सोनिका ने न्यूजीलैंड की गोलकीपर को छकाया**

# पीबीएम के इमरजेंसी में डिहाइड्रेशन का इंजेक्शन तक नहीं


**बीकानेर,**(कासं)। पलाना के हड़मानाराम को उल्टी–दस्त की शिकायत के बाद उनके परिजन पीबीएम के मेडिसिन इमरजेंसी लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने मरीज के शरीर में पानी की कमी होना बताकर पर्ची पर डेक्सट्रोज इंजेक्शन लिखा। जब मरीज का रिश्तेदार गणपतराम इंजेक्शन लेने हॉस्पिटल के दवा वितरण केंद्र (डीडीसी) पहुंचा तो फार्मासिस्ट ने पर्ची पर नॉट अवेलेबल (एनए) लिख दिया। गणपतराम उदाहरण मात्र है, जिसे इमरजेंसी इंजेक्शन के लिए दर–दर भटकना पड़ा। हॉस्पिटल में रोजाना आने वाले सैकड़ों मरीज गणपतराम की तरह आधी–अधूरी दवाइयां लेकर अपने घर या मरीज के पास पहुंच रहे हैं।

शहर की डिस्पेंसरियों के हाल इससे भी बदतर है। यहां जुकाम, दर्द निवारक, एंटीबायोटिक सरीखी जरूरी दवाइयां भी नहीं मिल रही। शुक्रवार को मुफ्त दवा योजना की पड़ताल की तो चौकाने वाली तस्वीर सामने आई। चिंता की बात यह है कि संभाग के सबसे बड़े पीबीएम हॉस्पिटल में एंटीबायोटिक, दर्द निवारक इंजेक्शन, टेबलेट यहां तक की ब्लड़ प्रेशर और शुगर की दवाइयां भी नहीं मिल रही हैं। जबकि डीडीसी पर दवाइयों की उपलब्धता के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से दवाइयों की खरीद के हेल्थ डिपार्टमेंट कई बार आदेश जारी कर चुका है। हैरानी की बात है कि पीबीएम हॉस्पिटल प्रशासन प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दवाइयों के स्थान पर निजी फार्मा कंपनियों की दवाइयां लेने में दिलचस्पी दिखा रहा है।

**■ डिस्पेंसरियों में पर्ची पर एनए लिख रहे**

राज्य सरकार की ओर से करीब 1700 तरह की निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई जाती है। हालांकि बीकानेर में 1000 दवाइयों की जरूरत ही आमतौर पर पड़ती है। लेकिन इन दवाइयों में से मरीजों को करीब 30 फीसदी दवाइयां मिल नहीं रही। ऐसे में उन्हें बाहर से महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। पीबीएम हॉस्पिटल और शहर की डिस्पेंसरियों में एमोक्सीलिन 625 टेबलेट, सैफिक्स 200, सीपलोक्सिन 250/500,एंटीकोल्ड,मेटफोर्मिन,डिक्लोफेनाक, सीट्राजिन, एजेडआई–250, सीपीएम, पोविडोन, एंटी कोल्ड सीरप, मेरोपेनम इंजेक्शन, ऑफलोक्स आरिनडाजोल टेबलेट, लिनेजोलिड, लैबटेलोल इंजेक्शन, पोविडोन सरीखी जरूरी दवाइयां नहीं मिल रही हैं। मरीजों की यह परेशानी रात को और ज्यादा हो जाती है, जब बच्चा और जनाना हॉस्पिटल में महिलाओं को दवाइयों के लिए हॉस्पिटल परिसर से बाहर जाना पड़ता है। पीबीएम हॉस्पिटल में रोजाना करीब 5 हजार मरीजों का आना–जाना होता है। ऐसे में दवाइयां नहीं मिलने से मरीजों को होने वाली परेशानी को समझा जा सकता है। स संबंध में हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट डॉ. प्रमोद कुमार सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र को दवाइयों के लिए पहले चरण में करीब 20 लाख रुपए का ऑर्डर दिया था, लेकिन उसके जयपुर स्थित अधिकृत विक्रेता ने दवाइयों की शॉर्टेज बता दी। समय–समय पर दवाइयों की लोकल खरीद की जाती है, ताकि मरीजों को डीडीसी के अलावा कहीं भटकना नहीं पड़े। जो दवाइयां डीडीसी पर नहीं मिल रही है, उनकी लिस्ट मंगवाकर जल्द ही उनकी लोकल या सरकारी केंद्रों से खरीद कर मरीजों को राहत पहुंचाई जाएगी। सरकार 15 लाख रुपए बिना स्वीकृति दवा खरीद के लिए उपलब्ध करवाती है, जिसकी बिल करने के साथ ही दोबारा राशि मिल जाती है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 8 अगस्त, 2022**

सावन मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, ज्येष्ठा नक्षत्र दिन 2:37 तक, ऐन्द्रयन योग प्रात: 6:55 तक, वणिज करण दिन 10:26 तक, चन्द्रमा आज दिन 2:37 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मेष, बुध–सिंह, गुरू–मीन, शुक्र–कर्क, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

रवियोग दिन 2:37 तक है। कुमार योग दिन 2:37 से रात्रि 9:01 तक है। भद्रा दिन 10:26 से रात्रि 9:01 तक है। आज पवित्रा एकादशी, आज चतुर्थ सावन वन सोमवार व्रत वैधृति पूण्य है और कतल की रात (मु.) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:37 तक, शुभ 9:15 से 10:54 तक, चर 2:11 से 3:49 तक, लाभ–अमृत 3:49 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:58, सूर्यास्त 7:07

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा।

**मिथुन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**मकर**
आर्थिक व्यावसायिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। शुभ–मांगलिक कार्यों भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# बारह सौ पचास किलोलीटर क्षमता के उच्च जलाशय का भूमि पूजन

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय में बनने वाले उच्च जलाशय का भूमि पूजन रविवार को किया। बारह सौ पचास किलोलीटर क्षमता के उच्च जलाशय की अनुमानित लागत 1.5 करोड़ रुपये होगी।

इस अवसर पर डॉ. कल्ला ने कहा कि बीकानेर शहर और आसपास के 32 गांवों की वर्ष 2052 तक की पेयजल आवश्यकताओं को ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 614 करोड़ रुपए की पेयजल योजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के तहत शहर में नए जलाशय, जल शोधन संयंत्र और पानी की 15 टंकियां बनाई जायेगी। डॉ. कल्ला ने बताया कि इस उच्च जलाशय से नयाशहर, जेलवेल, नत्थूसर गेट और मुक्ता प्रसाद उपखंड क्षेत्र के अधीन पाबू बारी, पारीक चौक, जिन्ना रोड, चौखूटी, सर्वोदय बस्ती, चूना भट्टा, प्रताप बस्ती, विनोबा बस्ती और वाल्मीकि बस्ती आदि के लगभग 25 हजार लोगों को पर्याप्त दबाव और उचित मात्रा में पेयजल मिल सकेगा।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि जिला अस्पताल (सैटेलाइट) का सुनियोजित विकास उनकी प्राथमिकता है। इसे ध्यान रखते हुए अस्पताल का आगामी 25 वर्षों का मास्टर प्लान तैयार करवाया जा रहा है। अस्पताल परिसर में डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से एक भवन बनाया गया है। सोलर कंपनियों के सीएसआर मद से दूसरे भवन का निर्माण अंतिम चरण में है। अस्पताल के लिए विधायक निधि से 35 लाख रुपए की लागत से दो एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई गई है।



बीकानेर में एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने उच्च जलाशय निर्माण का भूमि पूजन किया।

पैंतालीस लाख रुपए व्यय कर यहां ऑक्सीजन प्लांट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, शिक्षा और चिकित्सा तंत्र के सुदृढ़कीकरण के लिए कृत संकल्प है। प्रदेश में 1350 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जा चुके हैं। दो हजार स्कूलें और खोली जायेंगी। इसी प्रकार स्कूलों में आधारभूत व्यवस्थाओं के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय शर्मा ने शहरी वृहद पेयजल परियोजना के बारे में बताया।

अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित ने कहा कि वर्ष 2004 के बाद अब शहर के लिए इतनी बड़ी योजना स्वीकृत की गई है। इस दौरान पार्षद प्रफुल्ल हटीला, अधिशासी अभियंता विजय वर्मा, नफीस खान, सहायक अभियंता सुनील पुरोहित जिला शिक्षा अधिकारी (मा. शि.) सुरेंद्र सिंह भाटी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) भंवरलाल शर्मा आदि मौजूद थे।

**जल मंदिर का लोकार्पण :** शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल में रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स द्वारा जिला एसडीएम अस्पताल में गोद लिए गए गंभीर संक्रमित वार्ड के नवीनीकरण व सुस्सजीकरण कार्य के साथ नवनिर्मित जल मंदिर का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर डॉ. कल्ला ने कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। दूसरों की सेवा करने वालों को सदैव याद रखा जाता है। उन्होंने कहा कि रोटरी द्वारा सेवा के अनेक कार्य हाथ में लिए गए हैं। यह समाज के लिए प्रेरणादायी है। रोटरी रॉयल्स द्वारा जिला अस्पताल का वार्ड गोद लिया गया है तथा यहां जल मंदिर बनाया गया है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिलेगी।

- **डेढ़ करोड़ की लागत से होगा उच्च जलाशय का निर्माण, पच्चीस हजार शहरवासियों को पर्याप्त दबाव और उचित मात्रा में पेयजल मिल सकेगा**
- **बीकानेर शहर और आसपास के 32 गांवों की वर्ष 2052 तक की पेयजल आवश्यकताओं को ध्यान रखते हुए 614 करोड़ की पेयजल योजना**

इस दौरान रोटरी प्रांत 3053 के आगामी प्रांतपाल पवन खण्डेलवाल, क्लब अध्यक्ष डॉ मनोज कुड़ी, सचिव राजीव माथुर के साथ भामाशाह परिवार के मनीष बवेजा, राजेश बवेजा तथा प्रकल्प संयोजक पंकज पारीक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन आनंद आचार्य ने किया।

इस अवसर पर रोटे डॉ. पुनीत खत्री, रोटे पूनम सारस्वत, ऋषि धामु, ऋतुराज सोनी, जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रवीण चतुर्वेदी, डॉ. जसविंदर गिल, डॉ. भूपेन्द्र तिवारी ने रोटरी रॉयल्स के सेवा भाव और सेवा प्रकल्पों पर विचार रखे।

## नाबालिग ने की थी दुकान में चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर शहर के रवीन्द्र पथ स्थित कान्हा ड्राई फ्रूट्स में दो दिन पहले हुई चोरी की वारदात को एक नाबालिग ने अंजाम दिया।

नाबालिग ने दुकान से रुपये और ड्राई फ्रूट्स चुराए। पुलिस की पकड़ में आने के बाद उसकी निशानदेही पर ड्राई फ्रूट्स और रुपए बरामद भी कर लिए गए हैं। पुलिस उसके चोरी की और वारदातों में शामिल होने के बारे में जानकारी जुटा रही है। रवीन्द्र पथ स्थित कान्हा ड्राई फ्रूट्स के संचालक जवाहर नगर निवासी रामनिवास पुत्र दुर्गादत्त अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया था।

रामनिवास ने बताया कि उसकी दुकान रवीन्द्र पथ पर है। वहां से रात के समय अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में घुसकर करीब चालीस से पचास हजार रुपए और काफी ड्राई फ्रूट्स भी चुरा लिए। इस पर पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया। उनसे जानकारी जुटाई।

इस दौरान वारदात में एक नाबालिग के शामिल होने की बात सामने आई। इस पर उसे पकड़ा गया। आरोपी ने वारदात करना स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर रुपये और ड्राई फ्रूट्स बरामद कर लिए गए हैं।

वारदात को अंजाम देने वाले नाबालिग ने दुकान के पीछे के खंडहरनुमा मकान को छत तक पहुंचने के लिए उपयोग किया। उसने छत पर बने गेट को तोड़ा और दुकान में घुस गया। वहां से दुकान में रखे रुपये और ड्राई फ्रूट्स चुरा लिए।

जांच अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि शुरुआती तौर पर पांच से सात हजार रुपये चुराने की बात आरोपियों ने स्वीकार की है। करीब छह हजार रुपये और कुछ ड्राई फ्रूट्स बरामद भी कर लिए गए हैं।

## सार-समाचार

### स्कूल को पांच पंखे भेंट किए



बीकानेर, (कासं)। एलोरा कूलर परिवार की ओर से अजय सिंह (वरिष्ठ अध्यापक) द्वारा अपनी स्व. माता सावित्री देवी की स्मृति में प्रथम पुण्यतिथि पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नायक मोहल्ला, राजीव नगर (मुक्ता प्रसाद) बीकानेर के बच्चों के लिए 5 पंखे विद्यालय के प्रधानाध्यपक शिवशंकर गोदारा को भेंट किए। भीषण गर्मी व उमस भरे माहौल को देखते हुए एलोरा परिवार के अजय सिंह ने विद्यालय प्रधानाध्यापक शिवशंकर गोदारा की प्रेरणा से जरूरतमंद विद्यालय के लिए ये पंखे भेंट किए। विदित रहे कि भामाशाह अजय सिंह भी राजकीय विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत है। विद्यालय प्रधानाध्यपक शिवशंकर गोदारा, अध्यापिका नीना सैनी, अध्यापक ज्ञानचन्द यादव, केशव आचार्य,रणजीत सिंह भाटी व आसुतोष व्यास द्वारा भामाशाह का इस पुनीत भेंट के लिए आभार व्यक्त कर उनका अभिनदंन किया। सार्वजनिक शिक्षा में भौतिक सुविधाओं के विकास में उनके योगदान के लिए उनकी प्रशंसा की।

### तिरंगा यात्रा का आयोजन आज

हनुमानगढ़, (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सोमवार सुबह 9 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा और उसके बाद तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने बताया कि शांति एवं अहिंसा निदेशालाय के निर्देशानुसार सोमवार को सुबह 9 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधीजी की प्रतिमा के सामने किया जायेगा। इसमें हिन्दू, मुस्लिम, सिख और इसाई धर्म प्रतिनिधियों द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना की जायेगी। उसके बाद गांधीजी के प्रिय भजनों की प्रस्सुति होगी। उसके बाद कलेक्ट्रेट पार्क से परशुराम चौक, लाल चौक होते हुए अम्बेडकर चौक तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। डिडेल ने बताया कि तिरंगा यात्रा में जिला अहिंसा बोर्ड के संयोजक श्रवण तंवर, सह संयोजक तरूण विजय समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स हाथ में तिरंगा लिए हुए हिस्सा लेंगे। जिला अहिंसा बोर्ड के संयोजक श्रवण तंवर ने आमजन से सर्वधर्म प्रार्थना सभा व उसके बाद आयोजित तिरंगा यात्रा में अधिकाधिक लोगों को शामिल होने की अपील की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि 13 अगस्त को भी जिला अहिंसा बोर्ड के संयोजन में अहिंसा मार्च का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से राजीव गांधी स्टेडियम तक किया जायेगा।

### हॉस्पिटल में उपकरण भेंट किए



बीकानेर, (कासं)। हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपयोग में आने वाले उपकरण भेंट किए। मंत्री भरत गोलछा ने बताया कि इस कार्यक्रम से पहले डॉक्टर वाल्मीकि से संपर्क किया और उनसे वार्तालाप की और इस हॉस्पिटल में आपको कौन से उपकरणों की आवश्यकता है उसकी संपूर्ण जानकारी ली। उसके बाद इस कार्यक्रम को संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टर मुकेश वाल्मीकि, डॉक्टर संजीव सेहगल, मोहनलाल, जॉन सेक्रेटरी वीर एडवोकेट कन्हैयालाल बोथर, मा. ई. गंगाशहर के अध्यक्ष वीर प्रकाश चंद सेठिया, वीर चंद्र कुमार राखेचा, वीर टोडरमल चौपड़ा, बच्छराज रांका व अन्य हॉस्पिटल के स्टाफ उपस्थित थे। डॉ वाल्मीकि ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर ने जो ये सब उपकरण दिए हैं वह इस हॉस्पिटल में हर समय काम आयेंगे।

### जिला स्तरीय तिरंगा रैली 10 को

हनुमानगढ़, (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत 10 अगस्त को जिला स्तरीय तिरंगा रैली का आयोजन किया जायेगा। यह तिरंगा रैली कलेक्ट्रेट से सुबह 9 बजे रवाना होकर लाल चौक, अम्बेडकर चौक, रेलवे ओवरब्रिज, राजीव चौक, भगत सिंह चौक से होते हुए संगरिया रोड़ स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पर समाप्त होगी। तिरंगा रैली की तैयारियों को लेकर शनिवार शाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में एडीएम ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को रैली में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और 13 से 15 अगस्त को अपने घरों व संस्थान पर तिरंगा फहराने की अपील की। साथ ही बताया कि जंक्शन में तिरंगा रैली के बाद टाउन गुड़ मंडी में 11.15 बजे गुड़ खांड व्यापार एसोसिएशन के सहयोग से ध्वजारोहण के बाद झंडा वितरण कार्यक्रम रखा गया है। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों आईएमए, डेजर्स रेडर्स क्लब, संडे साइकिल क्लब रोटरी क्लब भटनेर, मानव उत्थान सेवा समिति, व्यापार संघ जंक्शन, रोट्रेक्ट क्लब, नेहरू युवा मंडल मक्कासर, रोटरी क्लब सिटी, लायंस क्लब डायमंड, राष्ट्रीय ध्वज-राष्ट्रीय सम्मान, नवज्योति संस्थान, नवजीवन नशा मुक्ति संस्थान इत्यादि के प्रतिनिधियों ने तिरंगा रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को लेकर आश्वस्त किया।

# लूणकरनसर में दो दिन में दो युवकों की हत्या

बीकानेर,(कासं)। लूणकरनसर में दो दिन में दो हत्याओं के बाद पुलिस व्यवस्था की पोल खुलकर सामने आ गई है। दोनों हत्याओं में शव सड़क पर फैंक दिये गए।

एक मामले में पुलिस को अपहरण की सूचना के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई तो दूसरे मामले में खुले आम झगड़ा होता रहा लेकिन पुलिस नदारद रही। दोनों ही मामलों में पुलिस की लापरवाही का परिणाम मौत ही रहा। कालू में सहजरासर रोड पर ओमप्रकाश जाट की हत्या से पहले पुलिस को सूचना दी गई थी कि उसका अपहरण किया गया है। पुलिस ने उसकी मोटर साइकिल जब्त की, लेकिन कार में डालकर कौन ले गया, इसका पता नहीं लगाया। नतीजा ये हुआ कि बेखौफ अपराधियों ने हत्या करके उसका शव पुलिस थाने से कुछ दूरी पर ही फैंक दिया। परिजनों ने आक्रोश जताया, धरना दिया तो उन्हें आश्वासन देकर शव का पोस्टमार्टम करवा दिया। इसके बाद से अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। ये हालात तब है, जबकि पुलिस के पास संदिग्धों के नाम है।

- **लूणकरनसर सर्किल में हत्या के बाद भी गिरफ्तारी नहीं, दोनों मामलों में पीट-पीटकर की गई हत्या**

लूणकरनसर सर्किल में दो दिन में हुई दोनों हत्याओं में युवकों को पीट-पीटकर मारा गया। सहजरासर रोड पर हुई हत्या में पहले कार में डालकर ले गए। हाथ-पांव पर जमकर वार किए और फिर फैंक दिया। तड़फते हुए ओमप्रकाश ने सड़क पर ही दम तोड़ दिया। आशंका है कि रातभर वो सड़क पर तड़फता रहा। सुबह वहां से गुजर रहे एक युवक ने उसका शव देखकर पुलिस को सूचना दी थी।

वहीं एक युवक हिम्मत नाथ की शनिवार को भी हत्या हुई। इसे भी मारपीट कर सड़क पर फैंक दिया गया। परिजनों की रिपोर्ट पर तीन नामजद के खिलाफ मामला तो दर्ज हुआ लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी। दो नामजद को राउंड अप कर लिया गया लेकिन गिरफ्तारी नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। थानाधिकारी चन्द्रजीत सिंह के अनुसार शनिवार को सुबह किसी ग्रामीण का फोन आया कि कस्बे में कालू रोड के किनारे पर एक युवक बेहोश पड़ा है। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रैफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पुष्करणा दिवस कार्यक्रम आज से

बीकानेर, (कासं)। पुष्करणा दिवस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज 8 अगस्त को ब्रह्म बगीची से होगा।

यूथ विंग के महासचिव सुभाष जोशी ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज राजस्थान के शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला सुबह दस बजे मुक्ति नाथ महादेव की पूजा अर्चना कर तुलसी के पौधों का वितरण कर करेंगे। उपाध्यक्ष गिरिराज बिस्सा ने बताया कि पुष्करणा दिवस के कार्यक्रम में पहले दिन महादेव पूजन और तुलसी पौध वितरण तथा दूसरे दिन सम्मान समारोह और तीसरे और अंतिम दिन मां उष्ट्र वाहिनी की पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न होगा।

बिस्सा के अनुसार अध्यक्ष बी. जी. बिस्सा के नेतृत्व में सचिव मनोज व्यास, कोषाध्यक्ष दिनेश चूरा, विरेन्द्र किराडू, विजय आचार्य, अनिल जोशी सहित विंग के समस्त पदाधिकारी कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर तैयारियों में लगे हैं। ज्यादा से ज्यादा पुष्करणा बन्धु कार्यक्रम में साक्षी बन सकें।

# सात क्विंटल डोडा-पोस्त सहित दो जने गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। श्रीगंगानगर में पुलिस का ऑपरेशन फ्लश आउट अभियान जारी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7 क्विंटल 20 किलो 265 ग्राम भीगा हुआ डोडा पोस्त और परिवहन में प्रयुक्त एक्सयूवी गाड़ी जप्त कर दो जनों को गिरफ्तार किया।

इस अभियान के तहत रामसिंहपुर थाना अधिकारी दोलाराम ने गांव 57 जीबी के पास नाकाबंदी के दौरान सुखा सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी सोहनगढ़, रत्तेवाला, जिला फिरोजपुर और मेजर सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह, निवासी लमोचड़, जिला फाजिल्का, पंजाब को गिरफ्तार किया गया है। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस अधिकारी आलोक सिंह चरण को सौंपी गई है। गौरतलब है कि दोनों आरोपियों ने शनिवार नाकाबंदी के दौरान रामसिंहपुर थानाधिकारी दोलाराम की गाड़ी को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गए थे। भागते समय आरोपी गाड़ी सहित खेत में बनी पानी की डिग्गी में गिर गए थे।

- **भागते समय आरोपी गाड़ी सहित खेत में बनी पानी की डिग्गी में गिर गए थे**
- **तलाशी लेने पर गाड़ी से डोडा पोस्त बरामद**

काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने ग्रामीणों और जेसीबी के सहयोग से आरोपियों को गाड़ी सहित डिग्गी से बाहर निकाला और तलाशी लेने पर गाड़ी में डोडा पोस्त बरामद हुआ।

# विश्व आदिवासी दिवस को लेकर जनसंपर्क

बीकानेर, (कासं)। अखिल आदिवासी मीणा महासभा राजस्थान की ओर से 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस आनंद निकेतन मुख्य डाकघर के पास बीकानेर में बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा,जिला संरक्षक मदनलाल मीणा, प्रदेश संयोजक मोहर सिंह सलावद, रामेश्वर प्रसाद सिंह मीना, हरिओम मीणा, करणीराम मीणा, सचिन मीणा ने मीणा समाज के घर- घर जाकर निमंत्रण पत्र दिए व कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में अधीक्षण अभियंता ( जिला वृत) के पद पर राजेन्द्र सिंह मीना के कार्यग्रहण करने पर महासभा की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। 9 अगस्त को आयोजित होने वाले आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम में आदिवासियों से संबंधित मुद्दो पर मंथन किया जायेगा। साथ ही प्रकृति संरक्षण हेतु पौधारोपण कार्यक्रम सहित समाज के प्रतिभावान छात्रों व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं व कर्मचारियों का सम्मान किया जायेगा।

- **समाज के प्रतिभावान छात्रों व उल्लेखनीय कार्य करने वाले होंगे सम्मानित**

## लम्पी स्किन बीमारी की दवा के लिए 11 लाख मंजूर

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने पशुओं में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए विधायक कोटे से 11 लाख रुपये की राशि पशुपालन विभाग के लिए स्वीकृत की है।

गौड़ ने बताया कि गंगानगर विधानसभा क्षेत्र के गोवंश में फैल रही लम्पी बीमारी की रोकथाम हेतु आवश्यक प्रबंधन, दवाईयां एवं वैक्सीन खरीद के लिए विधायक कोटे से 11 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। गौड़ ने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा गंभीरतापूर्वक प्रयास किए जा रहे हैं।

# दीक्षांत परेड आज, पुलिस को मिलेंगे 319 कांस्टेबल ड्राईवर

बीकानेर,(कासं)। पुलिस मोटर ड्राइविंग स्कूल में ट्रेनिंग पूरी कर चुके 319 कांस्टेबल ड्राईवर को जल्द नियुक्ति मिलेगी। इनको प्रदेश की छह रेंज मुख्यालय के अलावा अन्य जिलों में नियुक्त किया जायेगा। बीकानेर रेंज को 33 ड्राइवर मिलेंगे। इसमें 9 बीकानेर, 15 चूरू व 9 श्रीगंगानगर को अलॉट होंगे।

ड्राइविंग की ट्रेनिंग पूरी कर चुके 319 कांस्टेबलों का दीक्षांत परेड समारोह आठ अगस्त को सुबह सात बजे आयोजित होगा। समारोह में चीफ गेस्ट डीजीपी एम. एल. लाठर और विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण सचिन मित्तल होंगे। कमाडेंट प्रतापसिंह डूडी ने बताया कि सुबह 7.10 बजे परेड होगी, जिसका मुख्य अतिथि निरीक्षण करेंगे। कमाडेंट की ओर से प्रतिवेदन पेश किया जायेगा। पारितोषिक वितरण, बैंड प्रदर्शन, एरोबिक्स प्रदर्शन, वॉल्टिंग हॉर्स प्रदर्शन, मोटरसाइकिल प्रदर्शन आदि कार्यक्रम होंगे। डीजीपी एम.एल. लाठर के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है।

- **बीकानेर रेंज में आयेंगे 33, इसमें 9 बीकानेर, 15 चूरू व 9 श्रीगंगानगर को अलॉट होंगे**
- **ड्राइविंग की ट्रेनिंग पूरी कर चुके 319 कांस्टेबलों का दीक्षांत परेड आज**

लाठर आज बीकानेर आयेंगे। उनके साथ अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण सचिन मित्तल, डीआईजी क्राइम ब्रांच राहुल कोटोकी भी होंगे। यहां आने के बाद तीनों अफसर बीएसएफ के गेस्ट हाउस में रूकेंगे। अगले दिन सोमवार सुबह सात से साढ़े नौ बजे तक पुलिस मोटर ड्राइविंग स्कूल में दीक्षांत परेड समारोह भाग लेंगे। इसके बाद सुबह 10 बजे जिले के पुलिस अधिकारियों की क्राइम मीटिंग लेंगे।

# मित्रता दिवस पर महिलाओं ने लिया हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प

बीकानेर, (कासं)। मित्रता दिवस पर आज ऑल इज वैल परिवार से जुडी महिलाओं ने हर घर तिरंगा हर मन तिरंगा का संकल्प लिया।

ऑल इज वैल परिवार से जुडी मोनिका सिंघवी ने बताया कि महिलाएं आगे आकर हर अभियान को सफल बनाने का हौसला रखती है। आज मित्रत दिवस पर ऑल इज वैल परिवार की महिलाओं ने अपने घर, प्रतिष्ठान एवं अपनी गली मोहल्लों में भारत सरकार एवं जिला प्रशासन के इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प उठाया है। परिवार की मोनिका पचीसिया ने बताया कि परिवार की महिलाएं घर- घर जाकर नागरिकों को अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करेंगी।

डॉ. आरती काबरा ने बताया कि भारत सरकार के इस प्रकल्प को पूरा करवाने में महिलाएं भी कहीं पीछे नहीं रहेगी और देश के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होना चाहिए कि देश में मनाए जा रहे 75 वें स्वाधीनता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। परिवार की कीर्ति लड्ढा ने बताया कि भारत सरकार के इस अभियान से देश के नागरिकों में आजादी एवं आजादी के लिए शहीद हुए जवानों के प्रति भावना की जागृति होगी।



बीकानेर में मित्रता दिवस पर ऑल इज वैल परिवार से जुड़ी महिलाओं ने हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया।

- **महिलाएं 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करेंगी**

इस अवसर पर शीतल पित्ती, मोनिका प्रजापत, संजू बाहेती, मोनिका कंसल, संगीता, विद्या, पूनम, श्वेता जाजू, रेखा सोलंकी, संगीता राठी, मधु, वर्षा, रचना, ध्रुविका, वान्या, अविका, आदिश्री, लव्या आदि शामिल हुई।

**श्रीगंगानगर।** रोटरी क्लब सिटी श्रीगंगानगर रॉयल्स ने फ्रैंडशिप डे को कुछ अनोखे ढंग से मनाया। क्लब के अध्यक्ष रवीश जैन ने बताया कि क्लब के सदस्यों के द्वारा फ्रैंडशिप डे को अपना घर आश्रम मे प्रभु जी की सेवा कर मनाया। क्लब के द्वारा अपना घर आश्रम में मौजूद लगभग 60 के आसपास प्रभुजी को भोजन करवाया।

# धानमंडी में पुलिस ने नष्ट करवाया सड़ा हुआ गेहूं

हनुमानगढ़,(कासं)। जंक्शन स्थित धान मंडी में सड़ा हुआ गेहूं को सूखा कर पशुओं को खिलाने का मामला सामने आया है। जब व्यापारियों ने इस गेहूं को धान मंडी में पड़े देखा तो उन्होंने विरोध जताया।

जब वह युवक नहीं माना तो व्यापारियों ने जंक्शन थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने आकर उस सड़ी हुई गेहूं को नष्ट करवाया। पुलिस ने युवक को पाबंद किया कि वह आइंदा इस तरह सड़ी हुई गेहूं कहीं से न खरीदे और पशुओं को खिलाने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले चारे का प्रयोग करें। मामला बढ़ते देख उन्होंने पुलिस बुलाई। उसके बाद पुलिस ने गेहूं सूखाने वाले पशुपालक को पाबंद किया। बार संघ अध्यक्ष मनजिंद्र सिंह लेघा और व्यापारी पदम जैन ने बताया कि किसी पशुपालक द्वारा यह गेहूं धान मंडी में सूखाने के लिए रखी थी। यह गेहूं पूरी तरह से सड़ चुकी थी और इसकी बदबू से धानमंडी के व्यापारी सहित राहगीर भी परेशान हो रहे थे।

- **धान मंडी में सड़ा हुआ गेहूं को सूखा कर पशुओं को खिलाने का मामला सामने आया**

उन्होंने पशुपालक को यह सड़ी हुई गेहूं पशुओं को न खिलाने के लिए कहा तो वह आनाकानी करने लगा। उसने व्यापारियों को बताया कि वह यह गेहूं गोदाम से 700 रुपए क्विंटल के भाव से लेकर आया था। अगर यह गेहूं को नष्ट करवाया गया तो उसका भारी नुकसान हो जायेगा।

बार संघ अध्यक्ष लेघा ने बताया कि पूरे प्रदेश में लम्पी रोग की वजह से पशुओं को दिक्कत हो रही है। आंकड़ों के अनुसार कई पशु इस रोग के कारण मर भी चुके हैं। ऐसे में पशुपालकों द्वारा यह सड़ी हुई गेहूं पशुओं को खिलाना किसी अपराध से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर पशुपालक दुधारू गायों का दूध निकाल कर सड़क पर छोड़ रहे हैं। पशुओं को खिलाने के लिए उनके पास चारा तक नहीं है यही वजह है कि दुधारू गाय भी सड़कों पर पड़ा कचरा खाने को मजबूर हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में पशुपालकों पर जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है।

इन्हीं गायों का दूध जिला मुख्यालय पर बिकता है, सचेत होना जरूरी है। व्यापारी पदम जैन ने बताया कि पशुपालकों द्वारा पशुओं का अच्छी तरीके से खयाल नहीं रखा जा रहा है। सुबह और शाम दूध निकालने के बाद वे इन्हें बाहर छोड़ देते हैं। ये गायें कचरा खाती हैं। इसके बाद इन्हीं से निकला हुआ दूध पूरे जिले मुख्यालय पर आमजन को पीने के लिए दिया जाता है।

# लम्पी बीमारी से 500 से अधिक गायें मरी, 20 सदस्यों की टीम गुजरात से पथमेड़ा पहुंची

## पिछले चार दिनों से पथमेड़ा में रोजाना 25 से 30 गायों की मौत हो रही है



सांचौर के निकट गोधाम पथमेड़ा में गुजरात से आई चिकित्सा टीम ने गायों का टीकाकरण किया।

- पथमेडा की गौशालाओं में करीब दो हजार से अधिक गायों में संक्रमण फैला हुआ है

**सांचौर,** (निसं)। सांचौर क्षेत्र में स्थित गौधाम पथमेडा जहां पर लंपी बीमारी की वजह से गौवंश खतरे में है। क्षेत्र में स्थाई इलाज के अभाव में पांच सौ से अधिक गोवंश की मौत हो गई है एवं गौशालाओं के समक्ष गायों को इस महामारी से बचाने की चुनौती पैदा हो गई है। पालडी स्थित गौशाला में सबसे अधिक इस महामारी से गोवंश शिकार हुआ है जिसमें करीब 350 के करीब गाय इस महामारी की चपेट में आ चुकी है। चिकित्सा विभाग की टीम लगातार प्रयास करके स्वस्थ गोवंश का टीकाकरण कर रही हैं।

गोधाम पथमेडा में इस महामारी से गोवंश को बचाने के लिए गुजरात के धानेरा, थराद से पशु चिकित्सकों की 20 सदस्यों की टीम पहुंची व 2 दिन में करीब 3000 गोवंश का टीकाकरण किया है।

गोधाम पथमेडा की विभिन्न गौशाला में करीब, 2 हजार से अधिक गायों में संक्रमण फैला हुआ है। इन गोशालाओं में पहला केस 18 जुलाई को सामने आया था। इसके बाद से लगातार गायों में संक्रमण फैलता गया और गायों की मौत होना शुरू हो गई। गौवंश की मौत होने के बाद प्रशासन गौशाला प्रशासन एवं ग्रामीणों के सहयोग से गौशाला में टीम द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है जिससे इस महामारी को लेकर अब स्थिति काफी नियंत्रण में होने का दावा किया जा रहा है।

पथमेडा गोशाला के विट्ठल कृष्ण महाराज ने बताया कि 18 जुलाई को पहला केस सामने आने के बाद शुरू में तो प्रतिदिन चार से पांच गायों की मौत हो रही थी, लेकिन पिछले चार दिनों से रोजाना 25 से 30 गायों की मौत हो रही है। उन्होंने राज्य सरकार से इस बीमारी में गोवंश के लिए सहायता राशि के साथ दवाई देने की मांग की है। पशु पालन विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर रामा भाई पटेल ने बताया कि क्षेत्र में लंपी स्किन बीमारी से करीब 1500 से ज्यादा गोवंश चपेट में है। इसको लेकर पशु पालन विभाग के डॉक्टरों की टीम लगाकर इलाज कर रही है।

उन्होंने बताया कि इसका अभी कोई टीका नहीं है। इससे बचाव ही उपचार है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी पशु इस बीमारी का शिकार हुआ है उसे स्वस्थ पशु से दूर रखें। लंपी स्किन बीमारी अभी केवल गायों में ही फैल रही है।

गोधाम पथमेडा के संस्था प्रधान व संरक्षक स्वामी दत्त शरणानंद महाराज अहमदाबाद में चल रहे चातुर्मास को छोड़कर गौशालाओं का जायजा लेने के लिए सांचौर पहुंचे और उन्होंने विभिन्न गौशालाओं का दौरा करके गोवंश की हो रही मौत के मामले को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने प्रशासन एवं गौ भक्तों से इस पुनीत कार्य में गंभीरता से कार्य करने एवं गोवंश को बचाने का आव्हान किया। जिस पर प्रशासन अलर्ट होने के साथ-साथ गुजरात में अन्य जगहों से भी चिकित्सा का टीमों ने दौरा कर गोवंश के टीकाकरण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया।

# भीषण सड़क हादसे में 4 की मौत, एक महिला पीबीएम अस्पताल में भर्ती

## टक्कर में दोनों कारों के ड्राइवरों ने दम तोड़ा

- हादसा श्रीडूंगरगढ़ में पेट्रोल पंप के पास रविवार दोपहर करीब चार बजे हुआ

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ में कार और बोलेरो गाड़ी में जबर्दस्त टक्कर में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में है। हादसा श्रीडूंगरगढ़ में पेट्रोल पंप के पास रविवार दोपहर करीब 4 बजे हुआ। हादसे के दौरान बोलेरो में सवार ड्राइवर व महिला दोनों की मौत हो गई। जबकि दूसरी कार में सवार पति की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई।

इनोवा कार के ड्राइवर विनोद पुत्र जीवाराम व सुलोचना पत्नी महिपाल सिंह की भी मौत हो गई है। सुलोचना ने पीबीएम अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया।

दूसरी कार में सवार संजय पुत्र ओमप्रकाश शर्मा की बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस कार के ड्राइवर की मौत मौके पर ही हो गई। जिसके शव को श्रीडूंगरगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। इस मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। कार सवार शालिनी पत्नी संजय शर्मा पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में मौत से जंग लड़ रही है। मृतकों में एक कार के चालक की पहचान विनोद के रूप में हुई है। जो झुंझुनूं निवासी है। जबकि एक अन्य मृतक संजय जयपुर का रहने वाला है। दूसरी कार में सवार सुलोचना भी जयपुर की रहने वाली थी। मृतकों में संजय शर्मा बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष हैं। हादसे की जानकारी मिलने के साथ ही बीकानेर के कई वरिष्ठ वकील भी पीबीएम अस्पताल पहुंच गए।

## बघेरे ने गाय का शिकार किया

**निवाई,** (निसं)।उपखंड के गांव बस्सी में शनिवार की रात को पहाडी पर स्थित बालाजी मंदिर के समीप बघेरे ने एक आवारा गाय का शिकार कर लिया। गाय का शिकार करने से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। ग्रामीण खुशीराम पोसवाल गणेश पोसवाल व ईश्वर कसाना ने बताया कि शनिवार की रात को बघेरे पहाडी पर बनी हुई गुफा में एक आवारा गाय का शिकार कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

# विद्यालय में भरा पानी

**निवाई,** (निसं)। ग्राम पंचायत रजवास के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बैरवा बस्ती में बरसात होने पर विद्यालय परिसर सहित कमरों में पानी भर जाता है। जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कई परेशानियां होती हैं।

प्रधानाध्यापिका ममता शर्मा ने बताया कि जब भी बरसात होती है तो विद्यालय के कमरों सहित सारे परिसर में पानी भर जाता है और विद्यालय एक तलाई के रूप में दिखाई देने लगता है। पानी भरने से बच्चों को शिक्षण कराना असंभव हो जाता है। विद्यालय के अध्यापक हनुमान गुर्जर ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार सरपंच, शिक्षा विभाग, उपखण्ड अधिकारी और तहसील कार्यालय में स्थित बाढ नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं लेकिन अभी तक भी बच्चों की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि कई बच्चे इस परेशानी के चलते नियमित स्कूल आने से भी किनारा करने लगे हैं।

## बॉर्डर और छावनी एरिया के पास नहीं उड़ सकेंगे ड्रोन

- सैन्य संपर्क सम्मेलन में सेना और प्रशासन के बीच कई मुद्दों पर चर्चा

**बीकानेर,** (कासं)। सेना ने कहा है कि छावनी एरिया और बॉर्डर पर ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगाई जानी चाहिए। ड्रोन एक्टिविटी से सुरक्षा में बाधा उत्पन्न होती है साथ ही गोपनीयता भी भंग होती है। बॉर्डर पार से हो रही मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर भी चर्चा हुई।

सेना की रणबांकुरा डिवीजन में नागरिक सैन्य संपर्क सम्मेलन के दौरान सेना, बीएसएफ, एयर फोर्स और आईबी के अधिकारियों ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ आंतरिक सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा के साथ ही साइबर क्राइम की बढ़ती वारदतों पर चिंता जाहिर की। इसके साथ ही सेना में अगले महीने होने वाली अग्निवीरों की भर्ती को लेकर विचार विमर्श किया। भर्ती में हजारों की संख्या में युवक भाग लेंगे। उनके आवागमन के साधनों और सुरक्षा संबंधी उपायों पर बातचीत की गई। इसके अलावा पूर्व सैनिकों के कल्याण के मुद्दे भी उठे। सम्मेलन का उद्देश्य कार्यात्मक और योजना दोनों स्तरों पर अधिक समन्वय और तालमेल हासिल करना था। संभागीय आयुक्त नीरज के पवन, आईजी ओम प्रकाश, बीएसएफ डीआईजी पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़, एसपी योगेश यादव, एएसपी अमित कुमार सहित आईबी, सेना और एयर फोर्स के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। सैन्य प्रवक्ता के अनुसार यह बैठक राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास की दिशा में काम करने के लिए सेना और प्रशासन के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों में एक मील का पत्थर है।

# केसरिया शाही ध्वज चढ़ने के साथ डिग्गी लक्खी मेले का समापन



डिग्गी मेले के समापन अवसर पर पदयात्रा का शाही ध्वज मंदिर शिखर पर चढ़ाया गया।

- मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष ने की केसरिया ध्वज की अगवानी
- गाजे-बाजे से निकला जूलूस, पांच दिन में छह लाख से अधिक कल्याण भक्तों ने दर्शन किये

**मालपुरा/डिग्गी,** (निसं)। जयपुर ताड़केश्वर मंदिर से तीन अगस्त को शुरू हुई 57वीं लक्खी पदयात्रा के केसरिया शाही ध्वज के डिग्गी पहुंचने पर डिग्गी कल्याण मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष व उपखण्ड मजिस्ट्रेट रामकुमार वर्मा सहित एएसपी राकेश कुमार बैरवा, डीवाईएसपी सुशील मान, एडीएम प्रभातीलाल जाट, रामदास ट्रस्ट अध्यक्ष ठाकुर रामप्रताप सिंह व मंदिर ट्रस्टियों ने लक्खी पदयात्रा के शाही निशान का भव्य स्वागत किया।

गंगोत्री से लाये पवित्र जल से कल्याणधणी की प्रतिमा का अभिषेक व केसरिया ध्वज मंदिर शिखर पर चढ़ने के साथ 57वें लक्खी मेले का समापन हुआ। पदयात्रा संयोजक श्रीराम लौहे वाले व राष्ट्रीय कथावचक वैभव श्रीजी, भारत तिब्बत संवादमंच के भारती वैष्णव व संदीप कुमार की अगुवाही में डिग्गी पहुंचे केसरिया ध्वज के साथ डिग्गी कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जहां कल्याण भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। नाचते-गाते पदयात्रियों व कल्याण भक्तों ने मंदिर पहुंच दरबार में ढोक लगा मनोतियां मांगी। पदयात्रा संयोजक सहित ट्रस्ट अध्यक्ष ने गंगोत्री के पवित्र जल से वैदिक मंत्रों के साथ डिग्गी कल्याणजी महाराज की प्रतिमा का जलाभिषेक कर मंदिर के शिखर पर केसरिया ध्वज चढ़ाया।

डिग्गी कस्बा कल्याणजी के प्रिय व पवित्र वस्त्र केसरिया के रंग में रंग गया। पांच दिन में मेले में देश व प्रदेश से पहुंचे 6 लाख से अधिक कल्याण भक्तों ने कतारबद्ध श्रीजी के दर्शन किये। स्थानीय पुलिस व प्रशासन द्वारा मेले के दौरान पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए किये गये चाक-चौबंद बंदोबस्त किए थे।

विजय सागर तालाब पर कड़े सुरक्षा पहरे में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। तो 2 लाख से अधिक भक्तों ने डिग्गी नुक्कड चौराहे से मंदिर तक 3 किमी. तक आस्था की कनक दण्डवत की। रविवार को अवकाश के चलते डिग्गी में मेला पूर्ण परवान पर रहा। डिग्गी की ओर आने वाले सभी रास्तो पर कल्याण भक्त हाथो मे केसरिया ध्वज लिये कल्याण महाराज के जयकारे लगाते धर्मनगरी डिग्गी पहुंचे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज

- पड़ोस में रहने वाला युवक घर पर आ गया एवं बालिका के साथ दुष्कर्म किया

**उनियारा/चौरू,** (निसं)। उनियारा उपखंड अलीगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़ित नाबालिक पुत्री के पिता ने अलीगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है कि मेरी नाबालिग पुत्री शनिवार शाम को घर पर अकेली थी उसे देखकर शाबाश उर्फ फोदू पुत्र सलीम मोहम्मद ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। अलीगढ़ थाना प्रभारी नाहर सिंह मीणा ने बताया कि पीड़ित बालिका के पिता ने बताया कि मैं और मेरी पत्नी खेत पर काम करने गए हुए थे इस दौरान घर पर मेरी पुत्री को अकेला देखकर पड़ोस में रहने वाला युवक घर पर आ गया एवं बालिका के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित बालिका ने शाम को अपनी मां से अपने साथ हुई घटना की आपबीती बताई। इस पर पीड़ित बालिका के पिता ने अलीगढ थाने पर पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# खाटूश्यामजी जा रही बस पलटी, 17 जने घायल



घायलों का रींगस सीएचसी में उपचार किया गया।

**रींगस,** (निसं)। खाटू श्यामजी के दर्शनों के लिए नोएडा से आ रही एक बस राजमार्ग पर दूसरे वाहन के साइड दबाने से बचने के प्रयास में पलट गई।

दुर्घटना में 17 लोग घायल हो गये। घायलों में से एक को जयपुर रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार नोएडा से एक बस में श्याम श्रद्धालु सवार होकर खाटू श्यामजी आ रहे थे। सुबह सात बजे यहां पर राजमार्ग पर रीको मोड पर बस से आगे चल रहे एक अन्य साधन ने साइड दबा दी। दुर्घटना से बचने के प्रयास में वाहन चालक ने बस को घुमाया तो पलटी खा गई। बस के पलटने से 17 श्रद्धालु घायल हो गये इन्हें रींगस सीएचसी में भर्ती करवाया गया जहां से एक को जयपुर रैफर कर दिया गया। घायलों में ओमप्रकाश चौहान, कौशल चौहान, सुभी चौहान, सुहानी चौहान, सुमन चौहान, पीहू चौहान, मानसी चौहान, चमन सिंह, विमला, राखी, ज्योति, काजल, कशिश, रेणु चौधरी, सतीश चौधरीद्ध सुमन चौहान शामिल है। पुलिस ने वाहन को सड़क से हटा कर मार्ग खुलवाया।


# घग्घर नदी के पानी से सिंचाई कर रहे किसान

**हनुमानगढ़**, (निसं)। जिले के अंदर से गुजरने वाली अंतर्राष्ट्रीय बरसाती नदी में एक दशक बाद इस बार लगातार 16 दिनों से पानी प्रवाहित हो रहा है। इससे हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर जिले के लगभग 1 लाख हेक्टेयर में खड़ी धान और नरमा की फसलों को लाभ हुआ है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2019 में लगातार 9 दिन पानी चला था। इस बार 22 जुलाई को घग्घर में पानी की आवक शुरू हुई और लगातार लगभग 2 हजार से 5 हजार क्यूसेक नाली बैड में चलाया जा रहा है। सबसे ज्यादा लाभ धान उत्पादक किसानों को हुआ है।

किसान धान के खेतों में घग्घर के पानी से सिंचाई कर रहे हैं। घग्घर के पानी से सिंचाई करने से धान की पैदावार 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। सेम नाला में भी घग्घर का पानी छोड़ने से नरमा की फसलों में भी किसानों ने सिंचाई की है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार भूमिगत जल स्तर में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। प्रत्येक वर्ष 10 से 15 दिन पानी चलता है, लेकिन पानी की निरंतरता नहीं रहने के कारण अंतिम छोर पर नहीं पहुंच पाता। इस बार पानी पाकिस्तान पहुंचने की संभावना है।

हिमालय का पानी घग्घर के माध्यम से हनुमानगढ़ आता है। गुलाचिका से शुरू हुआ पानी हरियाणा होते हुए राजस्थान में प्रवेश करता है। शनिवार को गुल्लाचिका से 6950 क्यूसेक पानी की आवक बढ़ गई। इसी तरह घग्घर नदी में भी 650 क्यूसेक पानी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जानकारी के अनुसार गुल्लाचिका से 4620 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा था जो शनिवार को बढ़ कर 11 हजार 550 क्यूसेक हो गया। जयनारायण बेनीवाल, पूर्व उपनिदेशक कृषि (विस्तर), हनुमानगढ़ का कहना है कि 'घग्घर नदी में आने वाला पानी धान की फसल के लिए लाभदायक होता है। घग्घर के पानी से सिंचाई करने से खाद की भी जरूरत नहीं रहती।

# धौलपुर में हुई भारी बारिश, सड़कें बनी दरिया




बारिश के बाद दर्जनों दुकानों और शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया।

- सुबह से शुरू हुआ बारिश का दौर दोपहर तक चलता रहा

**धौलपुर** (निस)। धौलपुर शहर सहित जिलेभर में रविवार को सुबह से दोपहर तक भारी बारिश हुई। जिससे सड़कें दरिया बन गई और लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

सिंचाई विभाग धौलपुर के पपेन्द्र मीणा ने बताया कि रविवार को धौलपुर शहर में 67, बाड़ी में 17, बसेड़ी में 12, सैंपऊ 96, राजाखेड़ा में 15, तालाबशाही में 17, उर्मिला सागर में 9 एवं आंगई में 6 एमएम बारिश दर्ज की गई है। रविवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे और दिन में भी रात जैसा अंधेरा हो रहा था।

सुबह करीब 10 बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हुआ, जो दोपहर तक चला। इस दौरान भारी बरसात हुई। जिससे धौलपुर शहर की सड़कें दरिया बन गई। जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दर्जनों दुकानों और धौलपुर शहर के निचले इलाकों में भारी पानी भर गया। जिससे लोगों को भारी परेशानी हुई।

# केन्द्रीय मंत्री शेखावत और राज्य मंत्री चौधरी ने लंपी स्कीन डिजीज का फीडबैक लिया

## एक-एक वॉट्सऐप ग्रुप पांचों जिलों में बनाया जाए, जिस पर ग्रामवासी सीधा सूचित करें



जोधपुर के डीआरडीए हॉल में मंत्रियों ने लंपी स्कीन बीमारी को लेकर जानकारी ली।

- 'हालात जितना सरकार ले रही है, उससे कहीं ज्यादा गंभीर और चिंताजनक'

**जोधपुर,** (कासं)। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने राजस्थान में गोवंश में फैले खतरनाक संक्रामक रोग लंपी वायरस संक्रमण के संदर्भ में आज स्थानीय डीआरडीए हॉल में जोधपुर, पाली, जालौर, जैसलमेर बाड़मेर के विविध जिलों के सक्षम अधिकारियों से विस्तार से चर्चा कर जानकारी ली। लंपी स्कीन डिजीज बीमारी की रोकथाम हेतु गए उपायों के बारे में फीडबैक लिया। समाधान करने के लिए राजस्थान सरकार से भी आग्रह किया ताकि पशु पालकों को राहत दी जा सके।

इस दौरान राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत मौजूद रहे। शेखावत ने मुख्यमंत्री से लंपी वायरस के कारण अपना पशुधन गंवाने वाले पशुपालकों और किसानों को मुआवजा देने का आग्रह किया।

रविवार को बैठक के बाद मीडिया के साथ अनौपचारिक बातचीत में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि गुजरात के रास्ते से आकर पिछले दो महीने में पश्चिमी राजस्थान के लगभग सभी जिलों में लंपी वायरस कहर बरपा है। हजारों गायों की मौत हो चुकी है। यदि पश्चिमी राजस्थान का आंकड़ा उठाकर देखें तो लगभग एक लाख से ज्यादा पशुधन इससे संक्रमित हुआ है। यह आंकड़ा निरंतर बढता जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे सारे मृतक पशुओं का मुआवजा राजस्थान सरकार को गरीब लोगों, पशुपालकों और किसानों को देना चाहिए। मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करूंगा। उन्हें पत्र लिखकर हम सभी लोग आग्रह करेंगे कि तुरंत इस पर निर्णय लेकर प्रभावित पशुपालकों को मुआवजा देना चाहिए।

शेखावत ने कहा कि हम लगातार जिला प्रशासन और राज्य सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं इस बीमारी की किस तरह से रोकथाम की जा सके। वर्तमान स्थिति और हालात पर एक बार पूरे विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि हमको टेक्नोलॉजी का सहारा लेना होगा। एक-एक वॉट्सऐप ग्रुप पांचों जिलों में बनाया जाए, जिस पर ग्रामवासी सीधा सूचित कर सकें। वीडियो कॉल के माध्यम से गांव के जनप्रतिनिधि संक्रमित पशु का एक बार डॉक्टर से निरीक्षण कराएं और तुरंत उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दवाइयों की खरीद के लिए सरकार ने पैसा दिया है, उसका भी समुचित उपयोग हो।

मीडिया और सरकारी आंकड़ों में फर्क होने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से फर्क है। सरकारी आंकड़ों की समीक्षा में यह विषय संज्ञान में आया है। अब तक केवल 20 प्रतिशत पशुधन का ही सर्वे हो पाया है। जोधपुर, बाड़मेर और जैसलमेर में ही लगभग 25-30 लाख के बीच गायों की जनसंख्या है, लेकिन अब तक चार लाख के आस-पास का सर्वे हुआ है। सरकार का आंकड़ा चार लाख के अनुपात में है, बाकी आंकड़ा 6-7 गुना अधिक तक हो सकता है, जो मीडिया ने अपने स्तर से इकट्ठा किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हालात जितना सरकार ले रही है, उससे कहीं ज्यादा गंभीर और चिंताजनक हैं। जिला कलेक्टर अपने-अपने जिले में अधिकारियों को लगाकर हरेक गांव में कितना पशु संक्रमित हुआ है, कितनी गाय मरी हैं, उसका आंकड़ा और सूचना एकत्रित करें।

# सरपंचों का महापड़ाव स्थगित, लेकिन आंदोलन जारी, एक गुट बैठा धरने पर

## सरकार ने कुछ मांगों पर सहमति दी, कुछ पर होगा विचार

**जयपुर**, (का.प्र.)। ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा के मनरेगा कार्यों में अनियमितता के आरोपों से नाराज सरपंचों का महापड़ाव रविवार को स्थगित हो गया, हालांकि आंदोलन अभी जारी रहेगा। दरअसल सरपंचों के एक गुट ने महापड़ाव स्थगित करने का ऐलान कर दिया है, लेकिन इसी में शामिल कुछ सरपंच इस फैसले से नाराज हैं और वे सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। दूसरी ओर सरकार से वार्ता के बाद कई मांगें मान ली गई हैं और जो अधूरी हैं उसे पूरी करने की मांग को लेकर संघ से जुड़े पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और कार्यसमिति के सदस्य आंदोलन जारी रखेंगे।

पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा को पद से हटाने सहित सरपंच संघ की 35 सूत्री मांग को लेकर राजधानी में महापड़ाव डाला था इनमें से कुछ मांगें मानने के बाद, जो मांग केंद्र सरकार से जुड़ी थीं, उसके लिए राज्य सरकार प्रक्रिया अपनाएगी। सरपंच की ओर से एनजीओ की ओर से जांच करवाने की खिलाफत को लेकर सरकार ने आश्वासन दिया कि अब एनजीओ के बजाय पुराने तरीके से ही जांच कराई जाएगी। हालांकि बीएसआर रेट पर पूर्व की तरह होने वाले टेंडर की प्रक्रिया वर्तमान में भी यथावत जारी रखने की मांग पर निर्णय नहीं हुआ है।

अब तक जो मांगे मानी गई हैं, उनके आदेश लिखित में सरपंच संघ मांग रहा है। रविवार को सरपंच संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने आपस में बैठक कर यह तय किया कि महापड़ाव स्थगित कर दिया जाए और 24 अगस्त को वापस जयपुर में एक बड़ा महापड़ाव डाला जाए लेकिन कुछ पदाधिकारी इस फैसले से नाराज होकर कुछ सरपंच बैठक स्थल कर बाहर ही सड़क पर धरने पर बैठ गए।

सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल ने बताया कि आगामी 17 अगस्त को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रखी जाएगी, जिसमें आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं 24 अगस्त को वापस जयपुर में फिर महापड़ाव होगा। 24 अगस्त को होने वाले महापड़ाव में सरपंचों के साथ ही मनरेगा के कर्मचारी और मेट तक शामिल होंगे। इस दौरान सरपंच पूर्व की तरह अपना कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे। हालांकि वर्तमान में मौजूदा प्रदेश पदाधिकारी और कार्यसमिति सदस्य कहां धरना देंगे अभी यह तय नहीं किया गया है क्योंकि प्रशासन की ओर से उसकी स्वीकृति नहीं मिली है। दूसरी ओर नागौर से जुड़े सरपंच चाहते थे कि उनके क्षेत्र में एक बीडीओ को हटा दिया गया था, उसे बहाल किया जाए लेकिन यह मामला कोर्ट में चल रहा है। सरपंच संघ पदाधिकारियों का कहना है कि सभी सरपंच अपनी मांग पत्र को लेकर एकजुट हैं।


उल्लेखनीय है कि पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा ने 7 जिलों में हुए मनरेगा कार्यों की जांच के लिए कमेटी गठित की थी। इसकी रिपोर्ट आने के बाद मंत्री ने इन 7 जिलों में अनियमितता का आरोप लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि बाड़मेर, नागौर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, बीकानेर, झालावाड़ और उदयपुर में 150 करोड़ रुपए से 500 करोड़ रुपए तक की राशि का काम दिखाया गया जबकि उतना काम धरातल पर हुआ ही नहीं है। मीणा ने यह भी कहा कि मनरेगा में जिस काम का श्रमिकों को पैसा दिया गया वह काम धरातल पर नहीं है सर्वाधिक अनियमितता नागौर और बाड़मेर में हुई। मंत्री के बयान के विरोध में सरपंचों ने जयपुर में महापड़ाव डाला था जो सरकार से वार्ता के बाद अब स्थगित कर दिया गया है।

# पूनिया ने किया महारुद्राभिषेक



जयपुर में रॉयल हवेली, स्टेच्यू सर्किल पर श्री शिव महापुराण कथा समिति की ओर से महारुद्राभिषेक कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने महारुद्राभिषेक किया। साथ ही 251 जोड़ों ने भी सामूहिक महारुद्राभिषेक किया। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में मौजूद सभी शिव भक्तों ने हाथों में तिरंगा लेकर हर घर तिरंगा अभियान को बड़े स्तर पर करने का संकल्प लिया।

# जयपुर में मंत्री मुरारीलाल मीणा की बेटी की कार पानी में डूबी



**जयपुर ( कासं )। राजधानी जयपुर के कई हिस्सों में रविवार को हल्की से तेज बारिश हुई। इस कारण मालवीय नगर में नंदपुरी अंडरपास में बारिश से पानी भर गया। जहां से गुजर रही मंत्री मुरारी लाल मीणा की बेटी की कार अंडरपास में भरे पानी में डूब गई। बता दें, यह कार मंत्री मुरारीलाल मीणा की बेटी निहारिका जोरवाल चला रही थी। निहारिका जोरवाल राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष पद की उम्मीदवार है। मौके पर लोगों ने कार को डूबते देखा तो उन्होंने निहारिका को कार से बाहर निकाल लिया। जिसकी वजह से निहारिका की जान बच गई।**

# कावड़ यात्रा जैसे प्रतिबंध मोहर्रम पर लगाएं राज्य सरकार : लाहोटी

- **सांगानेर विधायक ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा**
- **'कानून सबके लिए एक समान, मोहर्रम पर डीजे-ढोल व नगाड़ों तथा हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगे'**

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर कहा है कि राज्य सरकार ने जैसे सावन के पवित्र माह में कावड़ यात्रा पर प्रतिबंध लगाए, वैसे ही प्रतिबंध अब मोहर्रम पर भी लगाए। लाहोटी ने कहा कि कावड़ यात्रियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया। डीजे-ढोल व नगाडों पर प्रतिबंध लगाकर पारंपरिक निकलने वाली कावड़ यात्रा व हिन्दू सनातन धर्म के साथ कुठाराघात किया है। 9 जुलाई को मोहर्रम ताजियों के साथ विशेष समुदाय के द्वारा डीजे, सैकड़ों ढोल-नगाडों (जिसकी ध्वनी डीजे से भी कई गुना ज्यादा है) के साथ हजारों की तादात में एक साथ सड़कों पर जुलुस निकाले जाएंगे, इनमें हथियारों का प्रदर्शन व टयूबलाईटें फोड़ने का प्रदर्शन किया जाता है। अब राज्य सरकार इन पर भी रोक लगाए।

विधायक अशोक लाहोटी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र में आगे लिखा कि जैसे कावड़ ले जाने वाले श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कराया, उसी प्रकार मोहर्रम-ताजियों के साथ जुलुस में निकलने वाले लोगो का भी रजिस्ट्रेशन कराये। ढोल-नगाड़ों की संख्या 4/6 की जाए और हथियारों के प्रदर्शन व टयूबलाईटें फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। लाहोटी ने पत्र में आगे लिखा कि सांगानेर में 2 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ की यात्रा निकलने वाली थी, जो कि सैकड़ों वर्षों से निकलती आ रही है, उसकी अनुमति भी जारी हो गई थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन के द्वारा पुजारी के परिवार पर दबाव बनाकर निकलने वाली यात्रा को जबरन रूकवाया था। कल हुई सीएलजी की मीटिंग में सांगानेर व्यापार महासंघ समेत कई समाज समुदायों के प्रतिनिधियों ने राखी के त्यौहार के मध्य नजर सैकड़ों ढोल नगाड़ों के साथ ताजिया जुलुस मैन बाजार से निकलने पर कड़ा ऐतराज किया है। कानून सबके लिए एक समान हैं, इस पर विचार कर बहुसंख्यक हिन्दू समाज के साथ न्यासंगत निर्णय करे।

## 'ई.आर.सी.पी. को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाए'

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की सातवीं बैठक में केन्द्र सरकार से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने सहित विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं में केन्द्र की आर्थिक सहायता बढ़ाने की मांग की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान से जुड़े मुद्दों पर मजबूती से राज्य का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी 37,000 करोड़ रुपये की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिससे पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में लगभग 2 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी।



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को नव निर्वाचित उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से व्यक्तिगत मुलाकात कर बधाई और शुभकामना दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उप राष्ट्रपति के रूप में धनखड़ का कार्यकाल संवैधानिक परंपरा और मूल्यों को और दृढ़ता प्रदान करेगा।**

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की जगह जस्टिफिकेशन ढूंढ रहे हैं : डॉ. पूनिया

**जयपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने बयान देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राजस्थान में महिला अपराधों पर रोक लगाने एवं न्याय दिलाने में लगातार असफल रहे हैं। कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की जगह वह बढ़ते अपराधों का जस्टिफिकेशन ढूंढ रहे हैं।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि फांसी की सजा के प्रावधान से रेप के बाद हत्या की घटनाओं के बढ़ने को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिया गया बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। मुख्यमंत्री, जो गृह विभाग के मुखिया भी हैं वह बेतुके बयानों से राज्य में बढ़ते रेप के मामलों में अपनी सरकार की नाकामी से बच नहीं सकते हैं। राठौड़ ने कहा कि एनसीआरबी और पुलिस प्रतिवेदन के आंकड़े चीख-चीख कर कह रहे हैं कि राजस्थान दुष्कर्म के मामलों में देश में पहले पायदान पर है। राजस्थान में हर साल 2000 के करीब बच्चियों से रेप के मामले सामने आते हैं। जनवरी 2020 से जनवरी 2022 तक 4091 केस पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुए हैं। राठौड़ ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में नाबालिग से रेप के आरोपियों को फांसी की सजा के प्रावधान का कानून बना था। दुर्भाग्य है कि मासूम बच्चियों से रेप की घटनाओं पर अंकुश लगाने में विफल मुखिया जी अब फांसी की सजा के प्रावधान की ही खिलाफत कर रहे हैं। अगर हिम्मत है तो इस कानून के विरोध में विधानसभा में प्रस्ताव लेकर आएं तब हम उन्हें माकूल जवाब देंगे। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में प्रतिदिन दुष्कर्म की 16 घटनाएं हो रही हैं और मुख्यमंत्री दुष्कर्म के 48 प्रतिशत मामलों को झूठा बता चुके हैं। मुखिया जी इस प्रकार की बयानबाजी करके बार-बार दुर्दांत बलात्कारियों के मनोबल को तोड़ने की बजाय बढ़ाने का कुकृत्य कर रहे हैं। यक्ष प्रश्न यह है कि जब गृहमंत्री ही रेप के मामलों को झूठा बताकर अपराधियों के लिए रेड कार्पेट बिछाएंगे तो फिर पुलिस की जांच का रूप क्या होगा?

## प्रो.छीपा अध्यक्ष बने

**जयपुर**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के चुनाव समिति के कार्यालय मधुकर भवन, न्यू कॉलोनी में संपन्न हुए। प्रोफेसर मोहनलाल छीपा को समिति का अध्यक्ष और प्रतापभानु सिंह शेखावत को महासचिव चुना गया है। निर्वाचन अधिकारी ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि राजेंद्र सिंह शेखावत और श्याम सुंदर अग्रवाल उपाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह ज्ञानपुरिया कोषाध्यक्ष, नीरज कुमावत सह सचिव निर्वाचित हुए हैं।

## प्यार में फंसाकर महिला से दुष्कर्म

**जयपुर** । भट्टाबस्ती इलाके में शादी का झांसा देकर एक महिला से रेप का मामला सामने आया है। पिछले चार सालों तक आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रेग्नेंट होने पर उसका ऑबोशन भी करवाया। शादी का दबाव बनाने पर दूसरी महिला से शादी कर ली। भट्टाबस्ती थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि भट्टाबस्ती निवासी 36 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। करीब 4 साल पहले उसकी मुलाकात सलीम अहमद से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे शादी के लिए ऑफर किया। आरोपी सलीम अहमद ने खुद की पत्नी की मौत होना बताया।

# स्वामी विवेकानंद के चरित्र को जीवन में उतारें : मुक्तानंद अग्रवाल

**जयपुर**, (का.सं.)। रजिस्ट्रार, सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हमेशा सर्वधर्म समभाव की बात की। उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस भारत के इतिहास के अनोखे व्यक्ति थे। भारत एक आध्यात्मिक देश है। यहां अध्यात्म की कई विचारधाराएं प्रवाहित हुई है।

अग्रवाल रविवार को यहां रामकृष्ण मिशन परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव और स्वामी विवेकानंद तथा रामकृष्ण मिशन की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित यूथ कन्वेंशन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के कारण रामकृष्ण परमहंस के बारे में विश्व ने जाना। विवेकानंद ने युवावस्था तक बहुत अध्ययन किया चाहे शास्त्र हो, चाहे दर्शन, अध्यात्म हो। उनमें प्रश्न पूछने की उत्कंठा थी वे एक जिज्ञासु और तार्किक थे, वे सत्य को जानने के लिए तह तक गए।

अग्रवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन शक्ति ही जीवन पर आधारित था। उन्होंने भय और निर्बलता का त्याग किया। उन्होंने निर्भयता से जीवन जिया। इसी निर्भयता से पूरे देश का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जैसे साहस व शक्ति की आज देश को जरूरत है।

उन्होंने कहा कि विवेकानंद का देश के प्रति समर्पण हम सभी के लिए सीखने के योग्य है। स्वामी विवेकानंद संन्यासी होते हुए संन्यास परंपरा से हट कर अपनी ऊर्जा को देश के लिए लगाया है। उन्होंने कहा कि धर्म दया है, पवित्रता है, साहस है इसके माध्यम से समाज एवं देश का उत्थान किया।



**रजिस्ट्रार, सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल ने रविवार को रामकृष्ण मिशन परिसर में स्वामी विवेकानंद तथा रामकृष्ण मिशन की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार बांटे।**

उन्होंने आव्हान किया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित को अपने जीवन में उतारे।

वर्षा चारण ने कहा कि हमें हमारी सांस्कृतिक गौरव पर गर्व है। जब ब्रिटिश काल में भारत हीनता के दौर में था, तक विवेकानंद ने समाज में उत्थान व देश में जागरण का बीड़ा उठाया। वे पहले भारतीय थे, जिन्होंने विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। उन्होंने भारत भ्रमण एवं विदेशी प्रवास के बाद राष्ट्रवाद की ज्वाला जलाई। स्वामी विवेकानंद के विचारों से स्वराज की नींव पड़ी और हजारों स्वतंत्रता सेनानीयों ने देश को आजाद करने में भूमिका निभाई।

प्रारंभ में रामकृष्ण मिशन के कार्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं वेद पाठ से की गई। अतिथियों ने 21 एवं 24 जुलाई की हुई ड्रॉइंग और निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले 30 छात्र - छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। रामकृष्ण मिशन, जयपुर के सचिव स्वामी देवप्रबानंद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 'भारतीय संस्कृति आधारित तंत्र की स्थापना अर्थात स्वतंत्रता'

**जयपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक शिक्षण प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा कि भारत की जो पहचान है, संपूर्ण विश्व में उसको बढ़ाने के लिए स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर जाना होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र स्थापित करना होगा जो हमारी सभ्यता और संस्कृति अनुकूल हो। स्वांत रंजन रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विद्याधर भाग की ओर से स्वराज-75 स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर विषय पर आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अपने देश में फ्रेंच, डच, पुर्तगाली और अंग्रेज आए। इन्होंने अपनी ताकत के आधार पर भारत का आर्थिक शोषण किया। केवल आर्थिक शोषण ही नहीं, जो ईसाई देश थे, वहां की इसाई मिशनरियों ने इन ताकतों का सहयोग लेकर बड़े पैमाने पर हिन्दू समाज का मतांतरण किया। उन्होंने कहा कि तुर्क, पठान व मुगलों ने भी भारत को लूटने के लिए अनेक आक्रमण किए और तलवार के जोर पर धार्मिक स्थानों को लूटा, महिलाओं का शीलभंग किया और बड़े पैमाने पर मतांतरण किया। उन्होंने कहा कि मैकाले शिक्षा नीति के माध्यम से ऐसे लोगों को तैयार करना चाहते थे जो रक्त मांस से भारतीय हो लेकिन विचार व्यवहार से पश्चिमी हो। अंग्रेजों के आगमन से पूर्व भारतीय समाज शत प्रतिशत शिक्षित था। भारत में 5 लाख स्वायत्त विद्यालय थे, जिनमें बिना जातिभेद व लिंगभेद के अध्ययन, अध्यापन का कार्य होता था। लेकिन अंग्रेजों ने भारतीय शिक्षा तंत्र को नष्ट कर अपनी शिक्षा पद्धति हम पर थोपी। स्वाधीनता के बाद वामपंथियों व कम्युनिस्टों ने उस शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर बनाए रखा।

# सबसे बड़े भूमि दानवीर हैं भगवान परशुराम : तिवाड़ी

**जयपुर**। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने भगवान परशुराम को दुनिया का सबसे बड़ा भूमि दानवीर बताते हुए कहा कि कश्मीर हो चाहे केरल और गोवा जैसा सुंदर समुद्र तट उन्हीं की देन है। तिवाड़ी ने अरुणाचल प्रदेश में विकसित हो रहे देश के पांचवे तीर्थस्थल परशुराम कुण्ड में विप्र फाउंडेशन के योगदान एवं भूमिका की भी सराहना की तथा कहा कि परशुराम कुण्ड क्षेत्र पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ने का बड़ा प्रकल्प सिद्ध होगा। इस तीर्थाटन के विकसित होने से पड़ोसी देश चीन भी घबराया हुआ है।

तिवाड़ी आज विप्र फाउंडेशन जोन 1 की प्रदेश कार्यकारिणी के शपथग्रहण समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन की ओर से राज्यसभा सांसद चुने जाने पर तिवाड़ी, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज और परशुराम कुण्ड स्थल पर स्थापित होने वाली 51 फिट की भगवान परशुराम की प्रतिमा के लिए सर्वसमाज से योगदान लेने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले परमेश्वर शर्मा को सम्मानित किया गया। भाजपा से राज्यसभा सांसद तिवाड़ी ने विप्रों की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे धार्मिक स्थल जागृत होंगे तो देश में भी जागृति और ऊर्जा का नया संचार होगा। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज ने संपूर्ण विप्र समाज को एक सूत्र में पिरोये जाने के लिए डाटा बैंक स्थापना की घोषणा करते हुए कहा कि यह नेककाज भी विप्र फाउंडेशन के बैनर तले होगा।

# प्रदेश में लगातार दूसरे दिन रविवार को भी छह सौ नए संक्रमित मिले

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। प्रदेश में लगातार दूसरे दिन रविवार को भी 600 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें जयपुर और अलवर में सौ से अधिक मामले पाए गए हैं। वहीं इस बीच झालावाड़ में करोना से एक मरीज की मौत भी हो गई है।

प्रदेश में रविवार को 24 जिलों में 600 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले शनिवार को भी इतनी ही संख्या में रोगी मिले थे। राज्य में आज 16 हजार 323 जांचे की गई। इनमें जयपुर में 2393 जांचे हुई। इधर राज्य में सबसे ज्यादा 176 जयपुर और 109 नए संक्रमित अलवर जिले में मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर व नागौर में 38-38, जोधपुर में 37, चित्तौड़गढ़ में 34, अजमेर में 31, भरतपुर व दौसा में 25-25, धौलपुर में 16, कोटा में 13, डूंगरपुर में 11, भीलवाड़ा में 10, जैसलमेर व सिरोही में 7-7, झालावाड़ में 5, सीकर व बीकानेर में 4-4, बारां में 3, बूंदी व जालौर में 2-2 तथा बांसवाड़ा, बाड़मेर और हनुमानगढ़ में एक-एक नया संक्रमित मिला है।

# कलेक्टर ने गौशालाओं में रोगग्रस्त गायों के लिए बनाये आइसोलेशन सेंटर को देखा

- आइसोलेशन सेंटर को साफ-सुथरा बनाए रखने के निर्देश दिए
- उन्होंने दवाईयों की उपलब्धता तथा रिकवरी की स्थिति जानी, अफसरों को निगरानी के लिए फील्ड में भेजा

**बीकानेर,**(कासं)। लम्पी स्किन रोग के मद्देनजर जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने लगातार दूसरे दिन जिले की गौशालाओं का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर रासीसर की बांके बिहारी गौशाला और नोखा गांव की गंगा गौशाला पहुंचे तथा दोनों गौशालाओं में लम्पी स्किन से रोगग्रस्त गायों की स्थिति एवं इनके लिए बनाए गए आइसोलेशन सेंटर को देखा। इस स्थान को साफ-सुथरा बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने दवाईयों की उपलब्धता तथा रिकवरी की स्थिति जानी। जिला कलेक्टर ने कहा कि बचाव ही इस रोग का उपचार है। इसके मद्देनजर पूर्ण सावधानी रखी जाए।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्थिति पर पूरी नजर रखी जा रही है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को सतत रूप से फील्ड में भेजा जा रहा है। राजीविका की पशु सखियों और कृषि विभाग के सुपरवाइजर तथा सहायक कृषि अधिकारी गांव- गांव रोग और उपचार की जानकारी दे रहे हैं। इस दौरान पशुपालन विभाग के डॉ. मनीष दिनोदिया और डॉ. जरनैल सिंह साथ थे। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार शनिवार को सभी ब्लॉक स्तर पर बैठकें आयोजित हुई। इनमें अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि और पशुपालक मौजूद रहे। इस दौरान लम्पी स्किन रोग से बचाव के मद्देनजर रखे जाने वाले ऐहतियातों की जानकारी दी गई।



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने रासीसर की बांके बिहारी और नोखा गांव की गंगा गौशाला का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने अगले तीन दिनों में सभी गोवंश का सर्वेक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए तत्काल टीमें गठित करते हुए कार्यवाही के लिए कहा गया। उन्होंने लम्पी स्किन से मृत पशुओं के विभागीय गाइडलाइन के अनुरूप निस्तारण के लिए कमेटियां गठित करने के निर्देश दिए। इनमें स्थानीय सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी और पटवारी सम्मिलित होंगे। साथ ही मृत पशुओं को खुले में फैंकने से रोकने की शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा।

जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी बॅक क्षेत्रों में उपखण्ड अधिकारी के निर्देशन में किसान गोष्ठियां और पम्पलेट वितरण जैसी गतिविधियां चलाई जाएं। रोगग्रस्त पशुओं के आइसोलेशन की प्रभावी व्यवस्था हो। प्रत्येक उपखण्ड क्षेत्र में मानव संसाधन एवं दवाईयों की आपूर्ति निरंतर हो। इसके लिए जिला स्तर से बेहतर समन्वय रखा जाए।

उन्होंने प्रत्येक उपखण्ड क्षेत्र में नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुए इसका प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों को लम्पी स्किन रोग से संबंधित सूचनाओं की दैनिक जानकारी उपलब्ध करवानी होगी। इसके लिए दो प्रोफॉर्मा बनाये गए हैं।

पहले में उपखण्ड का नाम, राजस्व गांवों की संख्या, लम्पी स्किन से संबंधी सर्वे पूर्ण होने वाले गांवों की संख्या, प्रभावित राजस्व गांव तथा उपचार प्रारम्भ गांवों की संख्या की जानकारी देनी होगी। वही दूसरे प्रारूप में क्रियाशील व अक्रियाशील पशु चिकित्सालयों की संख्या तथा इनमें दवाओं की उपलब्धता की सूचना देनी होगी।

## डेयरी बूथ को लेकर दो गुट भिड़े, एक घायल

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। जिले के श्रीबिजयनगर में सब्जी मंडी चौराहे पर लगे एक डेयरी बूथ को एक जगह से दूसरी जगह लगाने के विवाद में रविवार को बूथ संचालक के वर्कर और मजदूर आमने-सामने हो गए। दोनों ओर से लाठियां चली और बूथ संचालक के पक्ष का एक आदमी घायल हो गया। इस संबंध में अब तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

असल में नगर पालिका सब्जी मंडी चौराहे पर डेयरी बूथ के आसपास सड़क बना रही है। ऐसे में पालिका ने यहां लगे बूथ को अगले चौराहे पर शिफ्ट करने के लिए संबंधित बूथ संचालक को कहा। बूथ संचालक तैयार भी हो गया लेकिन जिस चौराहे पर शिफ्ट किया जाना था। वहां मजदूरों के बैठने की जगह होने के कारण वे ऐसा नहीं होने देना चाहते थे। ऐसे में उन्होंने शुरू से ही इसके लिए मना किया था।

इसके बाद भी जब रविवार को बूथ संचालक के वर्कर बूथ को शिफ्ट करवाने के लिए संबंधित इलाके में पहुंच गए तो दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। श्रीबिजयनगर के सब्जी मंडी चौराहे पर अंजू मिड्ढा के नाम से डेयरी बूथ अलॉट है। सड़क बनाए जाने के कारण नगर परिषद ने इस बूथ को अगले चौराहे पर लगाने के लिए कहा था। बूथ संचालक ने इसकी सहमति भी दे दी। जब बूथ को अगले चौराहे पर शिफ्ट करने के लिए मिड्ढा के वर्कर पहुंचे तो मजदूरों ने विरोध शुरू कर दिया।

## उपज का समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा :पेमाराम

- अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन आयोजित

**हनुमानगढ़,** (कासं)। अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन जाट भवन में हुआ। उद्घाटन करते हुए किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व विधायक पेमाराम ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार किसान व मजदूर विरोधी है। सरकार की गलत नीतियों की वजह से हर 45 मिनट में एक किसान आत्महत्या कर रहा है। किसानों को कृषि उपज का समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है।

पेमाराम ने कहा कि किसानों को न तो सिंचाई के लिए पूरा पानी मिल रहा, न ही कृषि कनेक्शन के लिए पर्याप्त बिजली। खाद के भाव लगातार बढ़ रहे हैं। सरकार खाद पर सब्सिडी खत्म करने में लगी है। किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए पूर्व विधायक पेमाराम ने कहा कि एक साल तक लाखों किसान सड़कों पर बैठे रहे। 700 से अधिक किसान आंदोलन के दौरान शहीद हो गए। इसके बावजूद सरकार किसानों की सुनवाई नहीं कर रही। किसानों से जो वादा किया, उसको पूरा नहीं किया जा रहा है।

सम्मेलन में एमएसपी की गारंटी देने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, नहरों में पूरा पानी देने, फसल बीमा क्लेम तुरंत जारी करने सहित कई प्रस्ताव पारित किए गए। भादरा विधायक बलवान पूनियां ने कहा कि पूरे हनुमानगढ़ जिले में हमारे संगठन ने फसल बीमा क्लेम जारी करने, नरमे की सरकारी खरीद शुरू करने, नहरों में पूरा पानी देने, किसानों की जमीन की कुर्की की कार्रवाई निरस्त करने सहित किसानों के मुद्दों पर मजबूती से आंदोलन किया। उन्होंने कहा कि किसान हित में उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सदस्यों से आव्हान किया कि केन्द्र व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों का डटकर मुकाबला किया जाए।

सम्मेलन में जिला कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें विधायक बलवान पूनियां को जिलाध्यक्ष, मंगेज चौधरी को जिला महासचिव, अनिल चौधरी, छोटूराम गोदारा, राममूर्ति भांभू को उपाध्यक्ष, गोपाल बिश्नोई, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश स्वामी, विनोद दुआ को जिला संयुक्त सचिव, रोहिताश सोलंकी को कोषाध्यक्ष व विनोद स्वामी को प्रवक्ता बनाया गया। इसके साथ जिला कमेटी में 41 सदस्य बनाए गए। सम्मेलन में अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य रूड़सिंह, रघुवीरसिंह वर्मा, शेरसिंह शाक्य, बहादुरसिंह चौहान, सुरजीत बेनीवाल, आदि ने विचार व्यक्त किए।

# कवि चौपाल रक्षा बंधन को समर्पित रही

**बीकानेर,**(कासं)। राष्ट्रीय कवि चौपाल की 374 वीं साहित्य सभा रक्षा बंधन को समर्पित रही।

आज के कार्यक्रम के सभाध्यक्ष मधुरिमा सिंह मुख्य अतिथि कृष्णा वर्मा, विशिष्ट अतिथि में नेमचंद गहलोत सरदार अली परिहार, बी ऐल नवीन मंच शोभित हुए। लीलाधर सोनी ने स्वर दूर, शब्द दे, हे शारदे मां.. सरस्वती प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नेमचंद गहलोत ने हंस हंस बतलाओ सबने, क्यों बांधो बैर.., मधुरिमा सिंह ने पवित्र धागों का त्यौहार रक्षा बंधन.., कृष्णा वर्मा ने चंदन की लकड़ी, फूलों का हार...,सरदार अली परिहार ने रामा पीर रै ब्याव में बाट जोए.., बी. एल. नवीन ने तुझे क्या सुनाउं दिलरूबा तेरे सामने.., बाबूलाल छंगाणी बमचकरी ने घर- घर तिरंगा हर हर गंगा सामयिक कालजयी रचना सुनाकर सभा सदन का मन मोह लिया।



बीकानेर में कवि चौपाल में कविता पाठ करते कवि नेमीचंद गहलोत।

राजकुमार ग्रोवर ने श्रावण की पूनम राखी का त्यौहार.., डॉ. कृष्ण लाल विश्नोई ने प्रकृति के दिलकश घटाएं.., किशननाथ खरपतवार ने आओ 15 अगस्त मनाएं.., लीलाधर सोनी ने बाज न आया निज औकात सूं.., अनिल भारद्वाज ने चमकता चांद का लाल रंग ले.. भानुप्रताप सिंह चारण ने करणी थाने देख्यां हरख उठूं, ..जोशीले अंदाज में बेहतरीन रचना सुनाई। मालचंद जोशी ने तिरंगे के सानिध्य अमृत महोत्सव मनाए.., महबूब अली ने तेरे नाम के चर्चे हुसैन.., सुरेश अम्बेडकर ने दो रोटी जुगत करो.., लक्ष्मी नारायण आचार्य ने जन्म समय रोया नहीं मुख से निकला राम.., धर्मेन्द्र राठौड़ ने जो कहदे कर दिखाए.., वो वक्त कार्यक्रम का बखूबी संचालन बाबू बमचकरी ने किया।

## दो स्कूलों में 1700 ध्वज बांटे

**बीकानेर,**(कासं)। भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक महावीर रांका द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत लगातार तिरंगे वितरण किए जा रहे हैं।

पूर्व यूआईटी चेयरमैन महावीर रांका ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान को पूर्णत: सफल बनाने के उद्देश्य से स्कूल, कॉलेज आदि संस्थानों में तिरंगे वितरित किए जा रहे हैं। शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इगानप कॉलोनी में 300 झंडों का वितरण किया गया। इसी शृंखला में भाजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में गंगाशहर स्थित राजकीय बोथरा उच्च माध्यमिक विद्यालय में 1400 झंडों का वितरण किया गया। स्कैटिंग कोच योगेन्द्र खत्री ने बताया कि राजस्थान स्कैट एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर रांका द्वारा सादुलगंज के ए सेक्टर पार्क में स्कैटिंग कर रहे बच्चों को तिरंगे वितरित किए गए। इस दौरान क्षेत्र के लोगों को भी करीब 100 तिरंगे वितरित किए गए। तिरंगा वितरण कार्यक्रम भायजुमो अध्यक्ष वेद व्यास, मधुसूदन शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, लक्की पंवार, गौरीशंकर देवड़ा, पवन सुराणा, संजय स्वामी, जितेंद्र राजवी मौजूद थे।

## तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण की मांग

- तहसील स्तर से आंदोलन का आव्हान किया

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय बीकानेर की जिला बैठक का आयोजन रविवार को राउप्रावि फड बाजार विद्यालय बीकानेर में जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण की मांग को लेकर आंदोलन का आव्हान किया।

जिलामंत्री नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजन को आमजन तक पहुंचाने, हर घर तिरंगा, 12 अगस्त को प्रत्येक विद्यालय में भारत माता का पूजन, महापुरुषों की जानकारी बच्चों को आमजन तक पहुंचाने तथा विभिन्न आयोजित कार्य में कार्यक्रमों का सोशल प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के संबंध में किया गया।

इस बैठक को ओमप्रकाश विश्नोई प्रदेश पर्यवेक्षक व प्रदेश उपाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए बीकानेर जिले की सदस्यता की कार्ययोजना में विस्तार करते गति लाने तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण शीघ्र करवाने के संबंध में आगामी दिनों में तहसील स्तर से आंदोलन में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति का आव्हान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंडल सयुक्त मंत्री ओमप्रकाश रोड़ा ने सदस्य अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि बीकानेर जिला विषम परिस्थितियों में होने के बावजूद राज्य में सदस्यता की प्रगति में अच्छे स्थान पर है तथा निर्धारित अवधि 31 अगस्त से पूर्व ही जिले में 3000 की सदस्यता के लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। प्रत्येक उपशाखा के विधालयों स्तर पर 12 अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम का भव्य आयोजन कर व्यापक प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। जिला संगठन मंत्री लेखराम गोदारा ने प्रदेश के पातेय वेतन शिक्षकों की समस्या, तृतीय श्रेणी शिक्षक स्थानांतरण की समस्या आदि के लिए सरकार को अपनी ताकत बतायेंगे।

## सार-समाचार

### नियंत्रण कक्ष स्थापित

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के पशुओं में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज महामारी की रोकथाम, निवारण व आमजन को जागरूक करने व तत्काल पशु चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए तहसील स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश किलानियां ने बताया कि जिले की सभी तहसील में तहसील स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी को उसका प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश किलानियां ने बताया कि तहसील स्तरीय जो नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। उनमें नोहर तहसील में नियंत्रण कक्ष के नंबर 94145-78484 व इसके प्रभारी अधिकारी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकृष्ण बनीठिया को बनाया गया है। इसी प्रकार भादरा तहसील का नियंत्रण कक्ष नंबर- 94145-37542 व प्रभारी अधिकारी डॉ संजीव कौशिक को, पीलीबंगा के नियंत्रण कक्ष नंबर- 99505-84647 व प्रभारी अधिकारी डॉ हंसराज चौहान को, रावतसर के नियंत्रण कक्ष नंबर-94144-81073 व प्रभारी अधिकारी डॉ महावीर प्रसाद को, संगरिया के नियंत्रण कक्ष नंबर-94144-31797 व प्रभारी अधिकारी डॉ पुरुषोत्तम गुप्ता को, टिब्बी के नियंत्रण कक्ष नंबर-97830-33000 व प्रभारी अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार को, हनुमानगढ़ तहसील का नियंत्रण कक्ष नंबर - 01552-230099 व प्रभारी अधिकारी डॉ राजवीर सिंह को बनाया गया है। इसके अलावा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के नंबर 01552- 226699 हैं। जिसके प्रभारी अधिकारी संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश किलानियां खुद हैं। डॉ किलानियां ने बताया कि संबंधित तहसील के पशुपालक प्रात: 8 से रात 8 बजे तक उक्त नियंत्रण कक्षों पर संपर्क कर सकते हैं। तहसील स्तरीय नियंत्रण कक्ष प्रभारी चिकित्सक पशुपालकों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाएंगे।

### आर्मी की जमीन पर बनेगा कलेक्ट्रेट

**बीकानेर,**(कासं)। जिले का नया कलेक्ट्रेट राजपूत छात्रावास के सामने वीर दुर्गादास सर्किल के पास आर्मी की जमीन पर बनेगा। जिले का नया कलेक्ट्रेट राजपूत छात्रावास के सामने वीर दुर्गादास सर्किल के पास आर्मी की जमीन पर बनेगा। आर्मी ने इसके लिए सहमति दे दी है। प्रशासन इसके बदले आर्मी को दूसरी जगह पर जमीन उपलब्ध करवाएगा। बीकानेर का कलेक्ट्रेट रियासतकालीन बिल्डिंग में चल रहा है। ये इमारत कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है। आए दिन पत्थर टूटकर गिरते हैं। इस वजह से पिछले छह माह से कमिश्नर-कलेक्टर नए कलेक्ट्रेट के लिए जगह तलाश रहे थे। इसके लिए राजूपत छात्रावास के सामने वीर दुर्गादास सर्किल के पास आर्मी की लम्बी-चौड़ी जमीन लेने के लिए प्रयासरत थे। शनिवार को प्रशासन व आर्मी की मीटिंग में इस पर सहमति बन गई। राजपूत हॉस्टल के सामने आर्मी की 3 हेक्टेयर जमीन है। जमीन की लम्बाई राजपूत होटल के सामने 375 मीटर और हाईवे पर 359 मीटर है। चौड़ाई दुर्गादास सर्किल की तरह 92 मीटर और डीपीएस स्कूल की तरफ 66 मीटर है। मिनी सचिवालय बन सकता है। नीरज के. पवन, संभागीय आयुक्त बीकानेर का कहना है कि बीकानेर में नया कलेक्ट्रेट बनाने के लिए ऐसी जगह जमीन की तलाश थी जो शहर के बीच हो और आमजन आसानी से पहुंच सके। राजपूत छात्रावास के सामने हाईवे पर आर्मी की जमीन सालों से खाली पड़ी थी। शनिवार को आर्मी ने अपनी जमीन नया कलेक्ट्रेट बनाने के लिए देने पर सहमति जता दी है। जल्दी ही इसकी प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

## बीएसएफ ने निकाली साइकिल तिरंगा रैली

**अनूपगढ़,** (कासं)। सीमा सुरक्षा बल की 23 वीं वाहिनी के द्वारा हर घर तिरंगा, हर-मन तिरंगा अभियान के तत्वावधान में रविवार को साइकिल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

साइकिल तिरंगा रैली को सीमा सुरक्षा बल के परिसर से कंपनी समादेष्टा तरुण कुमार गौतम और पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कंपनी समादेष्टा तरुण कुमार गौतम ने बताया कि भारतवर्ष आजादी की 75वीं वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, जवानों, केंद्रीय विद्यालय के बच्चों तथा आमजन के द्वारा साइकिल तिरंगा रैली निकाली गई है। यह रैली सीमा सुरक्षा बल परिसर से शुरू होकर नेशनल हाईवे, अंबेडकर चौक, कनॉट प्लेस चौक से होते हुए अनूपगढ़ के शहीद भगत सिंह पार्क में पहुंची। शहीद भगत सिंह पार्क में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के द्वारा रैली में भाग लेने वाले बच्चों को जलपान भी ग्रहण करवाया। शहीद भगत सिंह पार्क में रैली का समापन किया गया है।

रैली के दौरान बीएसएफ के जवानों ने आमजन को आजादी के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया।

## राखियों की स्टॉल लगाई

**बीकानेर,**(कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन के मार्गदर्शन में बीकानेर की होनहार बालिकाओं द्वारा संभागीय आयुक्त कार्यालय बीकानेर में हाथों से बनी राखियों की स्टॉल लगाई गई। आकर्षक एवं कलात्मक राखियां सजाई गई जो संभागीय आयुक्त को खूब पसंद आई और उन्होंने राखियां भी खरीदी।

वहीं मिलने आने वाले लोगों को भी राखियां पसंद आई। उन्होंने भी खरीदारी की। होनहार बच्चियां पूर्वा चांडक, प्रीति चांडक ने राखियों के अलावा आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड, कलात्मक खिलौने, पूजा सामग्री आदि भी अपने हाथों से तैयार की को सभी को पसंद आई।

## आयुक्त को हटाने को लेकर चैटिंग चर्चा का विषय रही

- चैटिंग के दौरान आयुक्त ने बैकवर्ड लिखकर टिप्पणी की थी

**बीकानेर,**(कासं)। निगम आयुक्त गोपाल राम को पद से हटाने को लेकर जारी धरने पर निगम अधिकारियों के निगम अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप की चैटिंग चर्चा का विषय रही।

धरने पर बैठी महापौर सुशीला कंवर सहित भाजपा नेता और उनके समर्थकों ने चैट के स्क्रीन शॉट दिखाते हुए आयुक्त के बयान की निंदा की। दरअसल ग्रुप में चैटिंग के दौरान आयुक्त ने शहर की जनता के बारे में बैकवर्ड लिखकर टिप्पणी की थी।

महापौर ने जवाब में लिखा कि जिस शहर ने आपको रोजी-रोटी दी आप उसी शहर के वाशिंदों को बैकवर्ड बता रहे हैं जो आपकी शहर के प्रति मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा देहात जिलाध्यक्ष ताराचंद सारस्वत, देवकिशन मारू,वरिष्ठ भाजपा नेता गुमान सिंह राजपुरोहित, उपमहापौर राजेंद्र पवार ने धरने को संबोधित किया।

कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी रही वार्ड 32 की पार्षद अंजना खत्री ने मेयर सुशीला कंवर और संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन पर कई आरोप लगाए। कहा कि संभागीय आयुक्त दिहाड़ी मजदूरों का रोजगार छीन रहे हैं।

जबकि मेयर अपनी नाकामी छिपाने के लिए 3 दिन से कलेक्ट्रेट पर बैठी है। अगर रोज 3 घंटे निगम में बैठती तो लोगों के काम होते। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में अंजना खत्री ने कहा की मेयर ने 3 साल में ऐसा कोई काम नहीं किया जो जनता को बता सके।

# सी.एम.एच.ओ. बनने पर मुस्लिम महासभा ने डॉ. अबरार का सम्मान किया

- खादी का शॉल ओढ़ाकर डॉ. अबरार का सम्मान किया गया

**बीकानेर,**(कासं)। मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय सचिव एन. डी. कादरी ने बताया कि मुस्लिम महासभा द्वारा बीकानेर मे जाये-जन्मे सरल स्वाभाव के धनी डॉ. मोहम्मद अबरार पंवार का सी.एम.एच.ओ. बनने पर सम्मान किया गया। बीकानेर की गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए सर्व समाज द्वारा आज उनके निवास पर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

राष्ट्रीय सचिव एन.डी. कादरी ने खादी का शॉल ओढ़ाकर डॉ. अबरार का सम्मान किया गया। डॉ विजय आचार्य, डॉ. पी. के. सरीन एवं जुगल गहलोत ने गुलदस्ता भेंट कर उनके सम्मान में अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके चिकित्सा क्षेत्र में किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए उनकी सराहना की। इस मौके पर सम्बोधित करते हए महासभा के एन.डी. कादरी ने बताया कि मरहूम शिक्षाविद मो. इस्माइल मिर्धा परिवार के मृदु भाषी, कर्मठ व सेवाभावी पुत्र डॉ अबरार की सेवा 1994 रामगढ़ जैसलमेर से शुरू हुई।


बीकानेर में मुस्लिम महासभा ने सीएमएचओ डॉ. अबरार का अभिनंदन किया।

उसके बाद बीकानेर की विभिन्न डिस्पेंसरी में रही इनकी उत्कृष्ट सेवा से अभिभूत हो जिला प्रशासन से तीन बार व राज्य सरकार से दो बार सम्मानित हो चुके हैं।

साथ ही उनकी कुशल सेवा के कारण उनको भारत सरकार ने भारतीय हज यात्रा मिशन हेतु सऊदी अरब पांच बार चीफ कोआर्डिनेटर बनाकर भेजा। उनकी सेवा कार्य के लिए कौंसिल जनरल ऑफ इंडिया द्वारा अवार्ड ऑफ एक्सीलेंश से नवाजा गया।

चिकित्सा क्षेत्र में आदर्श व्यक्तित्व के धनी रहे पंवार इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पी जी डिप्लोमा इन डायबिटीज भी किया हुआ है। ऐसे शख्स हैं जिनको दर्जनों संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत किया गया है। मुस्लिम महासभा द्वारा डॉ. एम अबरार पंवार को सी. एम.एच.ओ. बनाए जाने की खुशी में राज्य सरकार का आभार मानते हुए योग्य डॉक्टर का चयन किए जाने पर सर्व समाज द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। इस कार्य क्रम की अध्यक्षता डॉ. पी. के. सरीन ने की। डॉ. विजय आचार्य ने संचालन किया। मुस्लिम महासभा के प्रदेश महासचिव अब्दुल रहमान लोदरा ने आभार जताया। डॉ. अबरार द्वारा सिटी डिस्पेन्सरी नम्बर 1 में अधिक समय तक किये गये कार्यों एवं कोरोना काल की उपलब्धियां बताई।

# मांगों को लेकर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी, वार्ता विफल

- पानी निकासी के साथ ही प्रशासन ने राहत की सांस ली

**रावतसर,** (कासं)। 134 एमएम वर्षा के बाद शहर में भरे पानी की निकासी पूरी तरह से कर दी गई। पानी निकासी के साथ ही प्रशासन ने राहत की सांस ली।

वहीं पानी निकासी की मांग को लेकर उपखंड कार्यालय आगे लगाया जा रहा धरना भी जारी रहा। शाम को उपखंड प्रशासन व नागरिकों के बीच लगभग 2 घंटे तक वार्ता का दौर चला लेकिन 6 बजे वार्ता विफल हो गई। प्रदर्शनकारियों ने वार्ता में निकासी का स्थाई समाधान करने, समझौते को लागू नहीं करने के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने, नुकसान की सर्वे ऑनलाइन प्रक्रिया 15 अगस्त तक बढ़ाने, बरसाती पानी से फैली गंदगी को बाजार से साफ करवाने, दुकानदारों द्वारा लगाए जा रहे, धरने के संबंध में कोई कार्रवाई न करने, तीन नंबर पर गड्ढे पंप हाउस बनाने, मेगा हाईवे के बांई तरफ के वार्डों का पानी संत करतार डेरे को देने, रामपुरा रोड गड्ढे का पानी पंप हाउस बनाकर किसानों को देने, वार्ड 7 में बने पंप हाउस की क्षमता बढ़ाने व नगर पालिका द्वारा नया डैम बनाने, मटोरिया गैरेज से रामपुरा रोड तक नया नाला बनाने, शहर में अलग-अलग जगहों पर पाताल तोड़ कुंए बनाने, नगर पालिका क्षेत्र में सेम नाला के दोनों किनारे पक्के करने, ढाब की सफाई करवाने व बड़ी मोटर लगाने, बाजार की मुख्य पानी भराव क्षेत्र की 5 सड़कों को ऊंचा उठाकर बनाने सहित 14 मांगें रखी।

समझौता वार्ता में विधायक धर्मेन्द्र मोची व एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल सहित पानी भराव पीड़ित नागरिक मौजूद थे। समझौता वार्ता के दौरान उपखंड अधिकारी ने सभी को बताया कि आप की मांगों पर कलेक्टर से वार्ता कर ली गई है। जल्दी ही 10 दिन में कलेक्टर आएंगे और उनके सामने आप सभी से सुझाव मांगे जाएंगे। सभी मांगों पर विचार किया जाएगा लेकिन नागरिकों ने बिंदु संख्या 1 से 5 तक लिखित में आश्वासन देने और शेष मांगों के लिए कलेक्टर की बैठक में वार्ता करने की बात कही। इस पर उपखंड अधिकारी ने लिखित में कुछ भी देने से मना कर दिया और वार्ता विफल हो गई।

वार्ता के दौरान विधायक धर्मेंद्र मोची ने उपखंड अधिकारी से कहा कि 2020 में आई 116 एमएम वर्षा के दौरान जितनी मेहनत आप ने की थी, इस बार आपने ऐसा कुछ नहीं किया। उस समय पानी निकासी में 3 दिन लग गए थे और आपने नगर पालिका प्रशासन से पूरी तरह से काम करवाया था लेकिन इस बार आपने नगर पालिका प्रशासन को ढीला छोड़ दिया है। इधर शहर से वर्षा जल निकासी के बाद नगर पालिका प्रशासन शहर में सफाई में जुट गया है। बाजार में जगह-जगह बदबू मारता कीचड़ भरा हुआ है। प्रशासन द्वारा सफाई के बाद दवा का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग भी घर घर जाकर प्रभावितों का सर्वे कर रहा है।



मैं उस चीज को कभी नहीं भुला पाऊंगा जो कोच निकोलई स्नेसारेव ने मेरे लिये किया। मेरे जीवन में कई कोच आये, कई गये लेकिन उनका मेरे करियर पर प्रभाव पूरी जिंदगी रहेगा। उन्होंने मेरे सोचने का तरीका बदला। - **अविनाश साबले**

भारतीय एथलीट, अपने दिवंगत कोच निकोलई स्नेसारेव के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** **विनेश फोगाट**



**तोक्यो** ओलंपिक में खराब प्रदर्शन के बाद करियर के सबसे बुरे दौर से गुजरने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना दबदबा कायम करते हुए स्वर्ण पदक के साथ शानदार वापसी की। विनेश के लिए पिछले 12 महीने काफी तनाव भरे रहे लेकिन परिवार के साथ मिलने और अभ्यास करने के तरीके में बदलाव ने उनके करियर को एक बार फिर से सही राह दी। तोक्यो ओलंपिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पहुंची विनेश पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गयी थी। इसके बाद चोट और कुश्ती महासंघ के साथ तकरार ने उन्हें मानसिक रूप से काफी नीचे धकेल दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

## भारत ने विंडीज पर बनायी अपराजेय बढ़त

लॉडरहिल, 7 अगस्त। भारत ने अपने सभी बल्लेबाजों के महत्वपूर्ण योगदान और गेंदबाजों के सधे हुए प्रदर्शन से वेस्ट इंडीज को चौथे टी20 मैच में शनिवार को एकतरफा अंदाज में 59 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद वेस्ट इंडीज को 19.1 ओवर में 132 पर रोक दिया। भारत की तरफ से आवेश खान, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई ने दो-दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह 12 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे। विंडीज की तरफ से कप्तान निकोलस पूरन और रोवमन पॉवेल ने 24-24 रन बनाये। इससे पहले वेस्ट इंडीज ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। भारत ने तेज शुरुआत करते हुए 4.4 ओवर में ही 53 रन ठोक डाले। कप्तान रोहित शर्मा ने मात्र 16 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 33 रन कीआतिशी पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने एक चौके और दो छक्कों की मदद से 24 रन बनाये। दीपक हुड्डा ने 21 और ऋषभ पंत ने 31 गेंदों में छह चौकों के सहारे 44 रन, संजू सैमसन ने 23 गेंदों में नाबाद 30 और अक्षर पटेल ने आठ गेंदों में दो छक्कों के सहारे नाबाद 20 रन बनाये। केवल दिनेश कार्तिक छह रन बनाकर आउट हुए। वेस्ट इंडीज की तरफ से ओबेद मकाय और अलजारी जोसफ ने दो-दो विकेट लिए।

## आनंद बने फिडे उपाध्यक्ष, ड्वोर्काविच अध्यक्ष

चेन्नई, 7 अगस्त। रूस के आर्केडी ड्वोर्काविच रविवार को शतरंज ओलंपियाड के दौरान ममल्लपुरम में हुए चुनावों में पुनः अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अध्यक्ष चुने गये, जबकि भारत के ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। फिडे ने ट्विटर पर इसकी जानकारी देते हुए कहा, ''आर्केडी ड्वोर्काविच को 16 के मुकाबले 157 मतों के साथ अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया। विश्वनाथन आनंद नए फिडे उपाध्यक्ष हैं।'' आनंद से पहले फ्रांस के ग्रैंडमास्टर बकर कोएटली फिडे उपाध्यक्ष थे।

## वी. प्रणव भारत के 75वें ग्रैंडमास्टर बने

चेन्नई, 7 अगस्त। शतरंज खिलाड़ी वी प्रणव रोमानिया में एक टूर्नामेंट जीतकर रविवार को भारत के 75वें ग्रैंडमास्टर बन गए। चेन्नई के 15 वर्ष के प्रणव ने रोमानिया के बाइया मारे में लिम्पेडिया ओपन जीतकर अपना तीसरा और आखिरी ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया। उन्होंने नौ दौर में सात अंक लेकर ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। उन्होंने कहा ,'' यह शानदार अहसास है। इससे मेरा आत्मविश्वास बढेगा और आगे अच्छा प्रदर्शन कर सकूंगा।'' प्रणव तमिलनाडु के 27वें ग्रैंडमास्टर हैं। उनसे पहले विश्वनाथन आनंद, डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा भी इसी राज्य से ग्रैंडमास्टर बने हैं।

## स्टॉपवॉच मामले में हॉकी इंडिया ने एफआईएच को लिखा, नियम में बदलाव की मांग

नयी दिल्ली, 7 अगस्त। राष्ट्रमंडल खेलों में 'स्टॉपवॉच विवाद' से खफा हॉकी इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ को पत्र लिखकर नियमों में बदलाव करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान शूटआउट में तकनीकी अधिकारियों ने भारी भूल की और भारतीय गोलकीपर सविता ने आस्ट्रेलिया का पहला शॉट बचा लिया था लेकिन घड़ी चालू नहीं होने का हवाला देकर आस्ट्रेलिया को वह शॉट फिर से दिया गया जिस पर गोल हो गया। एफआईएच ने इस मामले में तुरंत माफी मांगकर समीक्षा का आदेश दिया था। एफआईएच सीईओ थियरी वील को लिखे पत्र में हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी एलेना नॉर्मन ने कहा ,'' इससे पहले भी चैम्पियंस ट्रॉफी 2016, जूनियर महिला विश्व कप 2021 , तोक्यो ओलंपिक 2022 और अब राष्ट्रमंडल खेलों में पेनल्टी शूटआउट इसे पहले इस तरह की गलतियों से भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा है।''

## सार्थक और रहीश ने जीत हासिल की

चेन्नई, 7 अगस्त। 2022 एमआरएफ एमएमएससी एफएमएससीआई इंडियन नेशनल मोटरसाइकल रेसिंग चैम्पियनशिप के तीसरे राउण्ड के दूसरे दिन के समापन के साथ 20 नेक्स्ट-जेन मिलेनियल राइडरों ने मैदान पर पावर पैक्ड परफोर्मेन्स दिया। आईडेमिट्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप एनएसएफ250आर की आज की रेस में पुणे के सार्थक चवन ने 22 सैकण्ड की ज़बरदस्त बढ़त के साथ एक बार फिर से जीत हासिल कर ली। ट्रैक पर अपना जादू दर्शाते हुए मुंबई के 14 वर्षीय रहीश खत्री ने अपना प्रभुत्व बनाए रखा और आईडमिट्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप सीबीआर150आर में जीत हासिल कर ली। तीसरे राउण्ड के अंत में सार्थक और रहीश दोनों ने एनएसएफ250आर और सीबीआर150आर कैटेगरीज़ में चैम्पियनशिप के लीडर्स के रूप में अपना प्रभुत्व बनाए रखा। तीसरे राउण्ड के बारे में बात करते हुए प्रभु नागराज- ऑपरेटिंग ऑफिसर, ब्राण्ड एण्ड कम्युनिकेशन, होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ''हमारे युवा राइडरों को इतने जोश और उत्साह के साथ मुकाबला करते हुए देख हम बेहद खुश हैं।

# मुक्केबाजी में निखत, अमित और नीतू ने जीते स्वर्ण







बर्मिंघम, 7 अगस्त। विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज़ निखत ज़रीन, अमित पंघल और नीतू घंघस ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारतीय मुक्केबाज़ी का परचम लहराते हुए अपने-अपने फाइनल जीतकर स्वर्ण हासिल किये।

कुछ हफ्ते पहले विश्व चैंपियन बनीं निखत ने महिला 50 किग्रा मैच में बेलफास्ट की कार्ली मेकनॉल को मात दी। निखत ने मैच की शुरुआत से ही कार्ली पर मुक्कों की बरसात शुरू कर दी और कमेंटेटर के शब्दों में बेलफास्ट की मुक्केबाज़ को महत्वपूर्ण सबक सिखाया। तीन राउंड के बाउट में कभी भी नहीं लगा कि कार्ली नियंत्रण में हैं, और अंततः निखत ने 5-0 के एकमत फैसले से स्वर्ण जीता।

अमित पंघल ने पुरुष 51 किग्रा फाइनल में इंग्लैंड के कियेरेन मैकडॉनल्ड को मात देकर सोने का तमगा हासिल किया। गोल्डकोस्ट 2018 खेलों के सिल्वर मेडलिस्ट अमित ने मैच की शुरुआत से ही कियेरेन पर मुक्कों की बारिश कर दी और पहले राउंड में ही अपने विपक्षी को कई चोटें पहुंचायीं। दूसरे राउंड में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमित ने 4-0 के एकतरफा फैसले से स्वर्ण हासिल किया।


दूसरी ओर, नीतू घंघस ने महिला 48 किग्रा फाइनल में मेज़बान इंग्लैंड की मुक्केबाज़ डेमी जेड को मात देकर स्वर्ण जीता। दो बार की विश्व यूथ चैंपियन नीतू ने अपनी विपक्षी को 4-0 के एकतरफा फैसले से मात दी।

नीतू ने जीत के बाद कहा, ''मैं स्वर्ण पदक जीतने के बाद बेहद खुश हूं। मैं यह पदक अपने देशवासियों के नाम करना चाहती हूं। मैं भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय मुक्केबाज़ी महासंघ के समर्थन के लिये उनकी शुक्रगुज़ार हूं। मैं अपने कोचों, और अपने परिवार की भी शुक्रगुज़ार हूं क्योंकि मैं उनके समर्थन के बिना यह स्वर्ण नहीं जीत सकती थी। एनसीओई रोहतक का भी धन्यवाद जहां मैंने कई सालों तक प्रशिक्षण लिया।''

इस बीच अनुभवी मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन ने पुरुष 57 किग्रा फेदरवेट सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक प्राप्त किया। घाना के जोसेफ कोमी ने शनिवार को हुए बाउट में हुसामुद्दीन को 4-1 के फैसले से मात दी।

उल्लेखनीय है कि भारत बर्मिंघम 2022 में अब तक तीन स्वर्ण और तीन कांस्य सहित छह मुक्केबाज़ी पदक जीत चुका है। अब भारत के सागर पुरुष 91 किग्रा के फाइनल में अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

# भारत ने तिहरी कूद में जीते स्वर्ण, रजत



बर्मिंघम, 7 अगस्त। भारत के एल्डोस पॉल और अब्दुल्ला अबूबकर ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में एथलेटिक्स में भारत की विजय पताका लहराते हुए तिहरी कूद में स्वर्ण व रजत पदक जीता। एल्डोस ने 17.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि अब्दुल्लाह ने उनसे सिर्फ 0.01 मीटर पीछे रहते हुए 17.02 के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक अपने नाम किया। एल्डोस और अब्दुल्ला के हमवतन प्रवीण चित्रावेल कांस्य पदक से तीन सेंटीमीटर के अंतर से चूक गये और 16.89 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे।

## पिता के अवैतनिक अवकाश ने मुक्केबाजी में नीतू गंघास को बनाया चैम्पियन

बर्मिंघम, 7 अगस्त। युवा भारतीय मुक्केबाज नीतू गंघास ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपने पहले स्वर्ण पदक को पिता जय भगवान को समर्पित किया, जिन्होंने अपनी बेटी के सपने को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

हरियाणा सचिवालय के कर्मचारी जय भगवान दो बार की विश्व युवा चैंपियन नीतू को प्रशिक्षित करने के लिए पिछले तीन वर्षों से अवैतनिक अवकाश पर है। पिता की बलिदान रविवार को रंग लाया जबनीतू ने महिलाओं के मिनिममवेट (45-48 किग्रा) वर्ग के फाइनल में विश्व चैम्पियनशिप 2019 की कांस्य पदक विजेता रेस्ज़टान डेमी जेड को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से पराजित कर जीत दर्ज की। गले में स्वर्ण पदक पहने नीतू ने कहा, तिरंगे को ऊपर जाते हुए देखना सबसे बड़ा अहसास था, मेरी एक पुरानी इच्छा आज पूरी हो गई। मैं सभी के आशीर्वाद के लिए आभारी हूं। यह पदक देशवासियों और मेरे पिता (जय भगवान) के लिए है।''

नीतू ने कहा, '' कोई कसर नहीं छोड़ा उन्होंने मेरे लिये। वह कई मुश्किल परिस्थितियों से गुजरे लेकिन हमेशा सुनिश्चित किया कि मुझे सर्वश्रेष्ठ मिले। मैं उनके समर्थन के बिना यहाँ नहीं होती।'' हरियाणा की 21 साल की यह मुक्केबाज रिंग के अंदर किसी से कम नहीं है लेकिन जब वह खेल क्षेत्र से बाहर निकलती है तो काफी शर्मीले स्वभाव की है। शर्मीलापन इतना कि उनकी बातों को सुनने के लिए ध्यान लगाना पड़ता है। भारतीय टीम के कोच भास्कर चंद्र भट्ट नीतू को 'गब्बर शेरनी' कह कर बुलाते है।

उन्होंने कहा, ''वह हमेशा से ऐसी (शर्मीले स्वभाव की) ही रही है। शिविर में और शिविर के बाहर ही आप मुश्किल ही उसकी आवाज सुन पाते है।

रिंग के अंदर वह 'गब्बर शेरनी' की तरह है।'' अपनी 'आदर्श' और छह बार की विश्व चैंपियन मैरीकॉम के स्थान पर राष्ट्रमंडल खेलों के लिए चुनी गयी नीतू यहां अजेय रहीं। नीतू ने कहा, ''मैरीकॉम मैम की जगह एक अलग ही है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर भारतीय मुक्केबाजी को एक पहचान दी है। मैं उनके सामने कहीं नहीं हूं।'

## संदीप कुमा ने पैदल चाल में जीता कांस्य

बर्मिंघम, 7 अगस्त। भारत के अनुभवी रेसवॉक एथलीट संदीप कुमार पूनिया ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में इतिहास रचते हुए रविवार को पुरुष 10 किमी पैदल चाल में कांस्य पदक जीता। संदीप ने 38:49.21 के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 10,000 मीटर स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय एथलीट चार किमी तक प्रथम स्थान पर चल रहे थे।आगे चलकर उनकी रफ्तार में कमी आयी लेकिन वह पोडियम पर स्थान हासिल करने में सफल रहे। यह रेसवॉकिंग में भारत का तीसरा राष्ट्रमंडल पदक है।

## भुल्लकर ने जीता इंडोनेशिया ओपन

जकार्ता, 7 अगस्त। भारत के गगनजीत भुल्लर ने रविवार को दो शॉट की जीत के साथ 500,000 बैंक मंदिरी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीत लिया और चार साल का अंतर्राष्ट्रीय खिताब काअपना सूखा समाप्त कर दिया। भुल्लर (68-67-68-65) ने आखिरी राउंड में सात अंडर 65 का बेहतरीन कार्ड खेला और 20 अंडर 268 के स्कोर के साथ खिताब जीता। यह उनका 11वां अंतर्राष्ट्रीय और एशियन टूर पर 10वां खिताब है। इंडोनेशिया ओपन में यह उनकी तीसरी खिताबी जीत है।

## शरत-सत्यन की जोड़ी ने जीता रजत, श्रीजा हारी

बर्मिंघम, 7 अगस्त। सत्यन ज्ञानसेकरन और अचंत शरत कमल की स्टार टेबल टेनिस जोड़ी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रविवार को पुरुष युगल का फाइनल मैच हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। शरत-सत्यन को इंग्लैंड के पॉल ड्रिंकहॉल और लायम पिचफोर्ड ने करीबी मुकाबले में 3-2 से मात दी। इंग्लिश जोड़ी ने पांच गेमों के मैच में 8-11, 11-8, 11-3, 7-11,11-4 से जीत दर्ज की। यह बर्मिंघम 2022 खेलों में भारत का दूसरा टेबल टेनिस पदक है। इससे पहले भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने सिंगापुर को हराकर स्वर्ण जीता था। उल्लेखनीय है कि भारत की युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला को महिला एकल के कांस्य पदक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की यांग्ज़ी लियु के हाथों 4-3 से हार मिली। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रही श्रीजा को सात गेमों के मैच में 3-11, 11-6, 11-2, 7-11, 15-13, 9-11, 11-7 से मात देकर कांसे का तमगा हासिल किया।

## अन्नू रानी ने जैवलिन थ्रो में जीता ऐतिहासिक पदक

बर्मिंघम, 7 अगस्त। भारतीय एथलीट अन्नू रानी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में इतिहास रचते हुए रविवार को भाला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। अन्नू ने अपने चौथे प्रयास में जैवलिन को 60 मीटर की दूरी पर फेंककर तीसरा स्थान हासिल किया। इस जीत के साथ अन्नू भारत के लिये राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाली पहली महिला जैवलीन थ्रोअर बन गयीं। विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की केल्सी-ली बार्बर ने 64.43 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि उनकी हमवतन मकैंज़ी लिटल (64.27 मीटर) ने रजत पदक अपने नाम किया। रानी से पहले काशीनाथ नायक और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी जैवलिन थ्रो में भारत के लिये पदक जीत चुके हैं।

## सिंधु, लक्ष्य के बाद सात्विकसाईराज-चिराग की जोड़ी फाइनल में

बर्मिंघम, 7 अगस्त। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु, युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने-अपने एकल फाइनल में जगह बनायी, हालांकि किदांबी श्रीकांत सेमीफाइनल में हार गये। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनायी जबकि त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीनाथ को महिला युगल सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

सिंधु ने महिला एकल सेमीफाइनल में सिंगापुर की जिया मिन यिओ को रविवार को 21-19, 21-17 से सीधे गेमों में मात देकर फाइनल में जगह बनायी। सिंधु ने विश्व की 18वें नंबर की खिलाड़ी को हराकर लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों के एकल फाइनल में जगह बनायी है। उन्होंने गोल्डकोस्ट 2018 खेलों में रजत पदक हासिल किया था।

दूसरी ओर, लक्ष्य को फाइनल में पहुंचने के लिये थोड़ी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन अंततः उन्होंने सिंगापुर के जियाह हेंग टेह को 21-10, 18-21, 21-16 से मात दी। थॉमस कप विजेता टीम के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहला गेम आसानी से जीत लिया, लेकिन दूसरे गेम में सिंगापुरी खिलाड़ी ने अपनी लय हासिल की और मैच को निर्णायक गेम में भेज दिया। तीसरे और अंतिम गेम में दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन ब्रेक तक 11-8 की बढ़त हासिल करने के बाद लक्ष्य ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने पहले ही राष्ट्रमंडल खेलों में अपने लिये एकल पदक सुनिश्चित किया।

# भारत ने महिला हॉकी में 16 साल बाद जीता राष्ट्रमंडल पदक

बर्मिंघम, 7 अगस्त। भारतीय महिला हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रविवार को न्यूज़ीलैंड को शूटआउट में मात देकर 16 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीता। भारत ने कांस्य पदक मैच में न्यूज़ीलैंड को 1-1 (शूटआउट में 2-1) से हराकर कांसे का तमगा अपने नाम किया। सलीमा टेटे (29) ने भारत का एकलौता गोल किया, जबकि कीवी टीम की ओर से ओलिविया (59) ने गोल किया।

शूटआउट में भारत के लिये सोनिका और नवनीत ने गोल किये। मैच का पहले क्वार्टर में भारत ने न्यूज़ीलैंड पर दबदबा बनाया मगर कीवी गोलकीपर ने भारत को खाता नहीं खोलने दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने आक्रामक रवैया बरकरार रखा और जब हाफ टाइम में दो मिनट का समय बचा था तब सलीमा टेटे ने गेंद को नेट तक पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलायी।

मैच के तीसरे क्वार्टर में न्यूज़ीलैंड मैच को बराबरी पर लाने के लिये आतुर थी। जब



क्वार्टर-3 की समाप्ति में सिर्फ दो मिनट बचे थे तब न्यूज़ीलैंड ने एक गोल किया भी, मगर भारत के वीडियो रेफरल के बाद उसे अमान्य घोषित कर दिया गया।

भारत मैच के 58वें मिनट तक 1-0 से आगे चल रहा था और कांस्य पदक से एक हाथ की दूरी पर था कि तभी लालरेमसियामी को येलो कार्ड मिला और फील्ड पर सिर्फ 10 भारतीय खिलाड़ी रह गये। ज्यादा खिलाड़ियों की बदौलत न्यूज़ीलैंड ने भारतीय हाफ में जगह बना ली। यहां पहले कीवियों को पेनल्टी कॉर्नर और फिर पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसके उपयोग से न्यूज़ीलैंड ने स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया।

भारत को सेमीफाइनल मैच के शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया से 3-0 से मात मिली थी, और यह मैच भी शूटआउट में जा चुका था। न्यूज़ीलैंड ने पहले प्रयास में स्कोर किया जबकि भारत असफल रहा, जिससे टीम पर दबाव बढ़ गया।

यहां भारत की अगुवाई करते हुए कप्तान सविता पूनिया ने न्यूज़ीलैंड के अगले चारों प्रयास रोके, जबकि सोनिका और नवनीत ने एक-एक गोल करके भारत को 2-1 से जीत दिलायी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने 16 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों में कोई पदक जीता है। इससे पहले मैनचेस्टर 2006 खेलों में भारत ने महिला हॉकी का रजत पदक जीता था।

# कबड्डी खिलाड़ियों ने प्रो. कबड्डी नीलामी में सोने पर निशाना साधा, पहली बार कोई खिलाड़ी 2 करोड़ के पार

मुंबई, 7 अगस्त। वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 9 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी मुंबई में मशाल स्पोर्ट्स द्वारा 5-6 अगस्त, 2022 को सफलतापूर्वक आयोजित की गई। पवन कुमार सहरावत, जिन्हें तमिल थलाइवाज द्वारा सबसे महंगी बोली लगाकर खरीदा गया, लीग इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी साबित हुए। दो दिवसीय आयोजन में में 12 फ्रेंचाइजी टीम ने कुल 130 खिलाड़ियों के साथ करार किया।

नीलामी का मुख्य आकर्षण पवन कुमार सेहरावत रहे, जिन्होंने तमिल थलाइवाज द्वारा 2.26 करोड़ रुपये की भारी राशि में खरीदे जाने के बाद अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस बीच, विकास कंडोला को बेंगलुरु बुल्स के रूप में एक नया घर मिला। बुल्स ने उन्हें 1.70 करोड़ रुपये (पवन कुमार सेहरावत की बोली लगाने तक का रिकॉर्ड) में खरीदा। इस तरह कंडोला वीवो प्रो कबड्डी लीग प्लेयर नीलामी इतिहास में अब तक के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। फ्रैंचाइजी द्वारा 90 लाख रुपये में फाइनल बिड मैच कार्ड का उपयोग करने के बाद परदीप नरवाल एक बार फिर यूपी योद्धा टीम में लौट आए।

इस बीच, रेडर गुमान सिंह वीवो प्रो कबड्डी लीग प्लेयर नीलामी में सबसे महंगे श्रेणी-बी खिलाड़ी के रूप में उभरे। गुमान को यू मुंबा ने 1.21 करोड़ रुपये में खरीदा। इसके अलावा, डिफेंडर सुनील कुमार श्रेणी-बी में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें जयपुर पिंक पैंथर्स ने 90 लाख रुपये में खरीदा। हरियाणा स्टीलर्स द्वारा 65.10 लाख रुपये में खरीदे जाने के बाद अमीर होसिन बस्तमी श्रेणी-सी में सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। इस बीच, दबंग दिल्ली केसी. द्वारा 64.10 लाख रुपये में खरीदे जाने के बाद रवि कुमार सरप्राइज पिक के रूप में उभरे। नीरज नरवाल (43 लाख रुपये) और रिंकू नरवाल (40 लाख रुपये) ने भी भारी कमाई की।

## पूर्व भारतीय खिलाड़ी चाहते है भूटिया एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़े

नयी दिल्ली, 7 अगस्त। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के आगामी चुनावों के लिये निर्वाचक मंडल में आधी संख्या पूर्व खिलाड़ियों की होगी तो भारत के कुछ पूर्व खिलाड़ियों को लगता है कि महान फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया को अध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़ना चाहिए। उच्चमत न्यायालय ने बुधवार को सुनवाई को बाद देश में इस खेल का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने चुनाव की तारीख 28 अगस्त रखी है जिसके लिये 13 अगस्त से चुनावी प्रक्रिया शुरू होगी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के निर्वाचक मंडल में 36 राज्य संघों के प्रतिनिधियों के अलावा 36 दिग्गज खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व होगा जिसमें से 24 पुरूष और 12 महिला खिलाड़ी होंगी।

## दो साल बाद हम वनडे क्रिकेट को खो देंगे : मोईन

लंदन, 7 अगस्त। इंग्लैंड के आलराउंडर मोईन अली एक और बड़े क़द के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बने हैं जिन्होंने व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम के चलते वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के भविष्य पर चिंता जताई है। हाल ही के दिनों में मोईन के कई साथी, जैसे जॉस बटलर, जो रूट और बेन स्टोक्स, इस विषय पर बात कर चुके हैं। अपने कार्यक्रम के चलते इंग्लैंड ने भारत और साउथ अफ्रीका के विरुद्ध क्रमशः 25 दिनों में 12 सीमित ओवर मैच खेले थे। द हंड्रेड प्रतियोगिता में अपनी टीम बर्मिंघम फ़ीनिक्स के पहले मुक़ाबले से पहले एक प्रायोजक के कार्यक्रम के दौरान मोईन ने कहा, ''कार्यक्रम अभी बहुत विस्तृत है। आप चाहते हैं कि आप फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट के लिए ख़ुद को उपलब्ध रखें लेकिन इसका मतलब होगा टेस्ट या वनडे मैच मिस करना। आप चाहते हैं आप इंग्लैंड के लिए सारे ही मुक़ाबले खेल सकें। मेरे हिसाब से यह धारणीय नहीं है।''

उन्होंने कहा,''मुझे डर है दो साल बाद हम वनडे क्रिकेट को खो देंगे क्योंकि यह एक लंबा बोरिंग प्रारूप है। टी20 अपनी जगह सुरक्षित है और फिर आपके पास टेस्ट क्रिकेट भी है जो बढ़िया है। इन दोनों के बीच 50-ओवर क्रिकेट को महत्त्व नहीं मिलता। मुझे व्यक्तिगत तौर पर लगता है बहुत ज़्यादा क्रिकेट खेला जा रहा है। एक हिसाब से यह खेल के लिए अच्छा भी है लेकिन इसके वजह से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पर रुकावट नहीं होनी चाहिए।'' स्टोक्स ने हाल ही में अपने टेस्ट कप्तानी और टी20 क्रिकेट में खेलते रहने के लिए वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। मोईन का कहना है कि ऐसा क़दम कई और खिलाड़ी अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ले सकते हैं।




*पुरुष मुक्केबाज अमित पंघल ने पुरुष 51 किग्रा. फाइनल में इंगलैण्ड के कियेरेन मैकडॉनल्ड को मात देकर सोने का तमगा हासिल किया। गोल्डकोस्ट 2018 खेलों के सिल्वर मैडलिस्ट अमित ने मैच की शुरुआत से ही कियेरेन पर मुक्कों की बारिश कर दी और पहले राउण्ड में ही अपने विपक्षी को कई चोटें पहुंचायीं। दूसरे राउण्ड में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमित ने 4-0 के एकतरफा फैसले से स्वर्ण हासिल किया।*

# 'केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में शामिल नहीं होगा जे.डी.यू.'

## जे.डी.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने यह बयान देकर भाजपा और नीतीश की पार्टी के बीच चल रही तनातनी खुलेआम जाहिर कर दी

नई दिल्ली, 7 अगस्त। भाजपा और जेडीयू में अनबन इन दिनों काफी बढ़ गई है, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे आर.सी.पी. सिंह ने नीतीश की पार्टी से इस्तीफा दे दिया है तो वहीं जेडीयू के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने ऐलान करते हुए कहा कि, जदयू नरेंद्र मोदी सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 2019 के फैसले पर कायम हैं। साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री आर.सी.पी. सिंह के नरेंद्र मोदी सरकार में शामिल होने को लेकर उन्होंने कहा कि वे कैसे मंत्रिमंडल में शामिल हुए थे, ये वही बताएंगे।

**■ 2024 में भाजपा के साथ गठबंधन करने के संबंध में ललन सिंह ने कहा कि, कल किसने देखा है।**

वहीं भाजपा के साथ 2024 लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन को लेकर ललन सिंह ने कहा कि कल किसने देखा है।

मालूम हो कि बिहार में एन.डी.ए. की साथी होने की वजह से बीजेपी ने केंद्र सरकार में जेडीयू को एक मंत्री पद दिया था, जिसके जरिए तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.सी.पी. सिंह को केंद्रीय मंत्री बनाया गया था। हालांकि, आर.सी.पी. सिंह के राज्यसभा से कार्यकाल खत्म होने के बाद जेडीयू से उन्हें फिर उच्च सदन नहीं भेजा गया। इसी वजह से आर.सी.पी. सिंह को केंद्रीय मंत्री पद से अपना इस्तीफा देना पड़ा था।

जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि आर.सी.पी. सिंह का तन जदयू में और मन कहीं और था। ललन सिंह ने आगे कहा कि देर-सबेर आर.सी.पी . सिंह को इस पार्टी से जाना ही था। वहीं आर.सी.पी. सिंह के जेडीयू को डूबता जहाज कहने पर उन्होंने कहा कि जदयू डूबता नहीं दौड़ता जहाज है, आर.सी.पी. को इसकी एबीसीडी भी नहीं पता है। आर.सी.पी. जदयू के संघर्ष के नहीं सत्ता के साथी हैं।

### रास्ते से भटक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सकेगा। इसरो ने कहा कि, समस्या की ठीक से पहचान कर ली गई है।

गौरतलब है कि, इसरो ने स्मॉल सैटलाइट लॉन्च वीइकल से देशभर की 750 ग्रमीण छात्राओं द्वारा बनाया गया सैटलाइट भी लॉन्च किया था। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसकी पूरी तैयारी की गई थी। बताया जा रहा था कि इस मिशन को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी थी क्योंकि इसकी कामयाबी के साथ ही स्मॉल सैटलाइट लॉन्चिंग के लिए दुनियाभर की नजरें भारत की ही तरफ होतीं। हालांकि कुछ गड़बड़ी की वजह से इस बार यह कामयाब नहीं हो पाया।

## राज्यपाल कोश्यारी पर लगाम

मुंबई, 7 अगस्त। मराठी मानुष और मारवाड़ियों पर बयान देना महाराष्ट्र के गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी के गले की फांस बनता जा रहा है। बताया जा रहा है कि पार्टी ने उन्हें अब अपना मुंह बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इस अनुमान को हवा उस वक्त मिली जब दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान कोश्यारी ने मीडिया को देखकर मुंह फेर लिया। हालांकि कोश्यारी ने अपने बयान के लिए माफी भी मांग ली है, इसके बावजूद पार्टी पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद भाजपा अब फूंक-फूंककर कदम रख रही है।

महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी इस समय दिल्ली में हैं। उन्होंने महाराष्ट्र सदन में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। महाराष्ट्र टाइम्स के मुताबिक इस दौरान उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी। कोश्यारी ने कहा कि मैं बात नहीं करूंगा। यहां एक मुख्यमंत्री है,

**■ यही वजह है कि, राज्यपाल कोश्यारी ने दिल्ली में मीडिया को देखकर मुंह फेर लिया और चुपचाप ही कार्यक्रम से निकल गये।**

उनसे बात करें। मैं बात नहीं करना चाहता। कोश्यारी ने यह भी कहा कि राज्यपाल को नहीं बोलने का आदेश दिया गया है। कोश्यारी के इस बयान से अंदाजा लगाया जा रहा है कि पार्टी द्वारा उन्हें मुंह बंद रखने का आदेश दिया गया है। हालांकि राज्यपाल के संवैधानिक पद होने के कारण अब इस सवाल पर बहस हो सकती है कि क्या कोई उन्हें इस तरह से बोलने से मना कर सकता है। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने हाल ही में मुंबई में एक कार्यक्रम में विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर गुजराती और मारवाड़ियों ने छोड़ दिया तो मुंबई आर्थिक राजधानी नहीं होगी। उनके इस बयान के बाद पूरे प्रदेश में गुस्से की लहर दौड़ गई थी। जिसके चलते भाजपा दुविधा में थी। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत भाजपा और एकनाथ शिंदे समूह के नेताओं ने भी राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया था।

# कर्नाटक में हिन्दुओं की दरगाह सर्वधर्म समभाव की जबरदस्त नज़ीर है

## बेलगावी जिले के हरलापुर गांव में हिन्दू लोग पूरे जोश-खरोश से सभी मुस्लिम पर्व मनाते हैं

बेलगावी, 7 अगस्त (वार्ता)। कर्नाटक के बेलगावी जिले के सावदत्ती तालुक में एक छोटा सा गांव हरलापुर है जहां हिंदुओं ने ना केवल एक दरगाह का निर्माण किया है बल्कि वहां मुसलमानों का हर पर्व मनाकर सर्व धर्म समभाव का नजीर भी पेश करते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि इस गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है। स्थानीय लोगों के विचार व दिमाग धार्मिक समरसता में बहुत बड़ा माना जाता है। इसलिए हिंदुओं ने यहां एक फकीर स्वामी दरगाह बनाई है और अब वे मुहर्रम मना रहे हैं।

मुहर्रम यहां हर साल भव्यता के साथ मनाया जाता है। मुस्लिम धर्म के सभी अनुष्ठान यहां हिंदुओं द्वारा किए जाते हैं, जिसमें पंजा की स्थापना, पूजा, डोली का निर्माण और उनके जुलूस को

**■ दिलचस्प बात यह है कि, इस गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है। स्थानीय लोगों के विचार व दिमाग धार्मिक समरसता में बहुत बड़ा माना जाता है। इसलिए हिंदुओं ने यहां एक फकीर स्वामी दरगाह बनाई है और अब वे मुहर्रम मना रहे हैं।**

धारा में शामिल किया जाता है। इस बार भी वे दो हफ्ते से तैयारी कर रहे थे।

अधिकांश लोगों ने अपने घरों में नए कपड़े खरीदे हैं। संत राजू गंजी मास्टर के मार्गदर्शन में युवाओं ने लाजिम और कोलाटा प्रशिक्षण आयोजित किया है। युवा पुट्टनागौड़ा पाटीला की सुरीली आवाज में कथन के शब्दों को सुनना अद्भुत है। लोग यहां दिन-रात नाचते गाते हैं। त्योहार के दिन एक जुलूस के सामने, रंग-बिरंगे कपड़े पहने और रंग-बिरंगे गुलदस्ते पकड़े हुए नृत्य करना एक संस्कार है।

जैसा कि गांव के बड़े बताते हैं मुहर्रम और उर्स यहां चार पीढ़ियों से मनाया जाता रहा है। गांव के वरिष्ठ लोगों और युवाओं ने चंदा एकत्र किया और आठ लाख रुपये की लागत से फकीर स्वामी दरगाह का निर्माण किया।

यह दरगाह इस मामले में भी अनूठा है कि यहां हिंदू, बौद्ध, ईसाई, वीरशैव-लिंगायत देवताओं और महात्मा की तस्वीरों की भी पूजा की जाती है।

बताया जाता है कि पहले इस कस्बे में मुस्लिम समुदाय का एक फकीर भगवान की चार मूर्तियों की पूजा करता था। उनकी मृत्यु के बाद, उन्हें रामचंद्र निंबकार के खेत में दफनाया गया था। वहाँ से वे मुट्ठी भर मिट्टी लाए और गांव के मुख्य भाग में एक मकबरा बनाया। गांव के लोग यह नहीं जानते कि वह फकीर कहां से आया था।

फकीर गांव के लोगों के लिए एक मार्गदर्शक था। फकीर हिंदुओं के लिए भगवान से कम नहीं माने जाते और वृद्ध लोग उन्हें फकीरेश्वर कहते हैं।

दरगाह के ठीक बगल में एक बड़ा नीम का पेड़ है। जिन लोगों को सांप ने काट लिया है, उन्हें इस नीम के पेड़ के पत्ते और दरगाह का प्रसाद खिलाया जाता है। उल्टी होने के तुरंत बाद सांप के काटे हुए व्यक्ति की जान बच जाती है।




*कुछ हफ्ते पहले विश्व चैंपियन बनीं मुक्केबाज निखत जरीन ने कॉमनवैल्थ गेम्स में गोल्ड मैडल जीत लिया है। निखत ने महिला 50 किग्रा. मैच में बेलफास्ट की कार्ली मेकनॉल को मात दी। निखत ने मैच की शुरुआत से ही कार्ली पर मुक्कों की बरसात शुरू कर दी और बेलफास्ट की मुक्केबाज़ को महत्वपूर्ण सबक सिखाया। तीन राउण्ड के बाउट में कभी भी नहीं लगा कि, कार्ली नियंत्रण में हैं, और अंततः निखत ने 5-0 के एकमत फैसले से स्वर्ण जीत लिया।*

# गुजरात में आदिवासी कार्ड खेला केजरीवाल ने

अहमदाबाद, 7 अगस्त। आपआम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी गुजरात में सत्ता में आती है, तो राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में संविधान की 5वीं अनुसूची और पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम को लागू किया जाएगा। केजरीवाल ने यह भी गारंटी दी कि गुजरात की आदिवासी सलाहकार समिति का नेतृत्व मुख्यमंत्री के बजाय समुदाय के एक व्यक्ति द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव सत्तारूढ़ बीजेपी और आप के बीच सीधा मुकाबला होगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने गुजरात के अपने दौरे के दूसरे दिन वड़ोदरा में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।

गौरतलब है कि गुजरात में इस वर्ष

**■ गुजरात में आदिवासियों के बीच रैली में केजरीवाल ने कहा कि, हम आदिवासियों के हर इलाके में स्कूल और मोहल्ला क्लिनिक शुरु करेंगे**

के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि अगर आम आदमी पार्टी गुजरात में सत्ता में आती है, तो प्रत्येक आदिवासी गांव में एक अच्छा सरकारी स्कूल और एक मोहल्ला क्लिनिक खोला जाएगा। इसके अलावा आदिवासियों के मुफ्त इलाज के लिए क्षेत्र में मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाने और उन लोगों को घर देने का भी वादा किया, जिनके पास खुद का घर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी गांवों को भी सड़कों से जोड़ेगी। दरअसल, संविधान की 5वीं अनुसूची अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन व नियंत्रण से संबंधी प्रावधानों से संबंधित है। पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, जिसे पेसा अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है, को 1996 में संसद की ओर से अधिनियमित किया गया था।

पेसा अधिनियम के तहत देश के विभिन्न राज्यों को अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को मजबूत करने के लिए इस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नियम बनाने को कहा गया था।

# 'मौसम विज्ञान एजेंसियों के लिए सटीक गणना करने का काम बहुत मुश्किल हो गया है'

## आई.एम.डी. के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, जलवायु परिवर्तन से मानसून में भारी उतार-चढ़ाव के कारण गणना का पैटर्न डिस्टर्ब हो गया है

नई दिल्ली, 7 अगस्त। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइ.एम.डी.) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि, जलवायु परिवर्तन ने मौसम संबंधी गंभीर घटनाओं की सटीक भविष्यवाणी करने की विश्वभर की पूर्वानुमान एजेंसियों की क्षमता को प्रभावित किया है। लिहाजा, आइ.एम.डी. इस चुनौती से निपटने के लिए और अधिक रडार स्थापित कर रहा है और अपनी उच्च प्रदर्शन वाली गणना प्रणाली (हाई परफार्मेंस कंप्यूटिंग सिस्टम) को अपडेट कर रहा है।

मीडिया इंटरव्यू में भारत में मानसून पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव

**■ महापात्र ने कहा कि, हालांकि 1970 से लेकर अब तक के वर्षा के दैनिक डाटा के विश्लेषण से पता चलता है कि, देश में भारी वर्षा के दिनों में वृद्धि हुई है, जबकि हल्की या मध्यम स्तर की वर्षा के दिनों में कमी आई है। इसका मतलब है कि, अगर वर्षा नहीं हो रही है तो एकदम नहीं हो रही है और अगर हो रही है तो बहुत ज्यादा पानी बरस रहा है।**

के बारे में पूछे जाने पर महापात्र ने कहा, हमारे पास 1901 से लेकर अब तक का मानसूनी वर्षा का डिजिटल डाटा उपलब्ध है। इसके तहत उत्तर, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में वर्षा में कमी, जबकि पश्चिम राजस्थान जैसे पश्चिम के कुछ क्षेत्रों में वर्षा में वृद्धि हुई है। महापात्र ने कहा, पूरे देश पर गौर करें तो मानसूनी वर्षा का कोई स्पष्ट रुझान नजर नहीं आता। मानसून अनियमित है और इसमें व्यापक स्तर पर उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं।

महापात्र ने कहा कि हालांकि 1970 से लेकर अब तक के वर्षा के दैनिक डाटा के विश्लेषण से पता चलता है कि देश में भारी वर्षा के दिनों में वृद्धि हुई है, जबकि हल्की या मध्यम स्तर की वर्षा के दिनों में कमी आई है। इसका मतलब है कि अगर वर्षा नहीं हो रही है तो एकदम नहीं हो रही है और अगर हो रही है तो बहुत ज्यादा पानी बरस रहा है।

अध्ययनों ने साबित किया है कि भारी वर्षा की घटनाओं में वृद्धि और हल्की वर्षा के दिनों में कमी जलवायु परिवर्तन का नतीजा है। जलवायु परिवर्तन से वातावरण में अस्थिरता बढ़ गई है।

### श्रीकांत त्यागी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के बाद भाजपा ने उससे पल्ला झाड़ लिया था। सोसाइटी के लोगों के अनुसार, श्रीकांत सब पर अपनी पावर का रौब झाड़ता था और उसके द्वारा किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बोलने पर अपशब्द कहता था। सोसाइटी के ज्यादातर लोग उसके आतंक से परेशान थे।

यह मामला मीडिया में आने के बाद भाजपा के स्थानीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने शनिवार को सोसाइटी के लोगों से मुलाकात कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि श्रीकांत त्यागी का भाजपा से कोई संबंध नहीं है और वह पार्टी का सदस्य भी नहीं है।

भाजपा के स्थानीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले को संज्ञान में लिया है।

उन्होंने कहा कि आरोपी पर कड़ी कार्रवाई होगी और 48 घंटे के अंदर उसे गिरफ्तार किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि इस तरह की हरकत करने वाले समाज के दुश्मन हैं।

# 'कोटपूतली नगरपरिषद् ने तानाशाहीपूर्ण रवैये से मकान और दुकानें ध्वस्त कीं'

## पीड़ितों का आरोप है कि, बिना भूमि अधिग्रहण और बिना मुआवजा दिये रात के अंधेरे में तोड़फोड़ की गई

कोटपूतली, 7 अगस्त (नि.सं.)। कोटपूतली में मास्टर प्लान 2011 के अनुरूप कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर नगरपालिका तिराहा तक 80 फीट व पूर्व सिनेमा से लेकर पूतली कट तक 60 फीट सड़कों के चौड़ाई करण को लेकर स्थानीय नगर परिषद् प्रशासन सुबह करीब 5 बजे एल.एन.टी., जे.सी.बी. व पोपलैण्ड मशीनों के साथ नगर परिषद् स्टाफ व भारी मात्रा में पुलिस प्रशासन का अमला निर्माण हटाने के लिए पहुंचा।

शनिवार को प्रथम चरण में एल.बी.एस. कॉलेज के छात्रावास की ओर 22 दुकानों समेत पुरानी नगर पालिका तिराहे पर अग्रसेन सर्किल के पास शेखावत भवन, भरगड़ प्लाजा, कौशिक मार्केट, पुस्तक मार्केट में करीब 68 दुकानें हटाई गई। प्रशासन द्वारा गठित चारों टीमों ने एक साथ कार्यवाही को अंजाम देते हुए सुबह करीब 10 बजे तक अधिकांश संरचनाओं को ध्वस्थ कर दिया था। इस दौरान कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों के व्यापारी सामान तक नहीं उठा पाये थे कि प्रशासन का पीला पंजा इमारतों को जमीरोंध करता नजर आया। कार्यवाही के दौरान पहले फेज में कुल 68 संरचनाओं को ध्वस्थ किया है। इसी बीच महालक्ष्मी मिष्ठान भण्डार के पास प्रशासन जैसे ही सामान से भरे अमृत कैलेक्शन शोरूम पर पीला पंजा चला रहा था।

उसी दौरान परिषद् का एक कर्मचारी अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। जैसे ही कर्मचारी के अचानक बेहोश होने भनक प्रशासन को लगी तो प्रशासनिक अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में उक्त कर्मचारी को एम्बुलेंस की सहायता से राजकीय बी.डी.एम. अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान कार्यवाही यथावत जारी रही। देर रात तक प्रशासन की जे.सी.बी., हाईवा व ड्रिल मशीनें चलती रही। आनन-फानन

**■ इन लोगों के मुताबिक, नगरपरिषद् ने मात्र 24 घंटे का नोटिस चस्पा कर मकान-दुकानें खाली करने को कहा, जबकि राजस्थान हाईकोर्ट ने 7 जनवरी 2022 को आदेश दिये थे कि, पीड़ितों को कम से कम 15 दिन का नोटिस देकर सुनवाई की जाये, भूमि अधिग्रहित कर मुआवजा भी दें।**

में की गई कार्यवाही से जहां बिजली विभाग को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। वहीं दिनभर लोग बिजली, पानी व इन्टरनेट सेवाओं तंग रहे। इधर प्रशासन द्वारा कि जा रही कथित दमनात्मक कार्यवाही का विरोध करने पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल, एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा, एडवोकेट मनोज नारायण शर्मा, भाजपा नेता सुभाष घोघड़, भाजपा नेता प्रवीण बंसल व संघर्ष समिति के पंडित किशोरलाल नेताजी को हिरास्त में ले लिया। इस दौरान विरोध करने आये लोगों से प्रशासनिक अधिकारियों की तीखी नोंक-झोंक भी हुई। लोगों का आरोप था कि प्रशासन राजनैतिक दबाव में आकर व्यापारियों के खिलाफ दमनात्मक कार्यवाही कर रहा है। जो कोटपूतली की जनता की भावनाओं के लिए कुठाराघात है।

प्रशासन द्वारा कि जा रही कार्यवाही को आमजन दो नजरियों से देख रहा है। एक नजरिये में जहां आमजन इस कार्यवाही को विकास के आईने में देख रहा है। वहीं दूसरी और लोग इसे विकास की जगह विनाश के आईने से आंक रहे है। कार्यवाही के दौरान ए.डी.एम. जगदीश आर्य समेत एस.डी.एम. ऋषभ मण्डल, मौका मजिस्ट्रेट तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा, ए.एस.पी. विधा प्रकाश, यातायात ए.एस.पी. सुमित गुप्ता, डी.एस.पी. डॉ. संध्या यादव, शाहपुरा डी.एस.पी. सुरेन्द्र कृष्णियां, एस.एच.ओ. सवाई सिंह सहित पनियाला, सरूण्ड, प्रागपुरा, चंदवाजी, शाहपुरा, भाबरू समेत 8 थानों का पुलिस जाप्ता एवं एस.टी.एफ. जवानों की पूरी कम्पनी को मिलाकर करीब 500 जवान सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे। नगर परिषद् की ओर से आयुक्त फतेह सिंह मीणा के नेतृत्व में समस्त निर्माण हटाने की कार्यवाही की गई।

आयुक्त ने बताया कि प्रथम चरण में शनिवार को करीब 68 निर्माण हटाये गये है। साथ ही स्टे वाले निर्माणों को फिलहाल छोड़ दिया गया है। अगली कार्यवाही द्वितीय चरण में स्वतंत्रता दिवस के बाद की जायेगी। जिसके लिए अलग से नोटिस भी जारी किये जायेगें। जबकि तृतीय चरण में नीलाम की गई सम्पत्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

ए.डी.एम. जगदीश आर्य ने आमजन व व्यापारियों को प्रशासन का सहयोग करने के लिए धन्यवाद् दिया है।

गौरतलब है कि नगर परिषद् द्वारा मुख्य चौराहे से अग्रसेन सर्किल व आसपास के सम्पत्ति मालिकों को शुक्रवार को ही 24 घण्टों में निर्माण हटाने के निर्देश दिये गये थे। आयुक्त फतेह सिंह मीणा ने यह भी बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा दिये गये निर्देशानुसार ही समस्त कार्यवाही पूर्णतया: शांतिपूर्ण तरीके से की गई है। जिसमें स्थानीय व्यापारियों का भी प्रशासन को भरपुर सहयोग मिला है। बड़ी संख्या में व्यापारियों ने स्वयं ही अपनी दुकानों को पहले ही खाली कर लिया था। परिषद् द्वारा दोनों मुख्य मार्गो को मास्टर प्लान के तहत क्रमशः 80 व 60 फिट चौड़ा किया जा रहा है। आपको बता दें कि विगत दिसम्बर 2021 में भी उक्त कवायद के चलते आम नोटिस व व्यक्तिगत नोटिस के माध्यम से दोनों मार्गो को चौड़ा करने की कार्यवाही शुरू की गई थी। जिसके विरोध में एक ओर जहाँ धरना प्रदर्शन शुरू हो गया था।

वहीं सम्पत्ति मालिकों ने उक्त कार्यवाही को विधि विरूद्ध बताते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में याचिकायें दायर की थी। जिस पर न्यायालय ने नगर परिषद् को व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए 30 दिवस में विस्तृत एवं सकारण आदेश पारित करने व तब तक याचीगण के विरूद्ध कोई कार्यवाही ना करने के निर्देश दिये गये थे।

साथ ही नगर परिषद् को मौका एवं दस्तावेजों की जाँच कर भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही करते हुए प्रभावितों की मुआवजा राशि तैय करने के लिए भी निर्देशित किया गया था।

**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा,** आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:**-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908